# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 10 मई 2025




fresho!
10 मिनट* में
आम की डिलीवरी!

bigbasket
A TATA Enterprise

**Banganapalli**
Perfectly sweet and juicy



₹89.00 1kg

Firmly satisfying

**Lalbagh (Sindhura)**
Delightfully sweet and tangy



₹129.00 1kg

Intensely juicy and ripe

**Raw Mango**
Tart and Tangy



₹19.00 500g

Firm & crisp with a crunchy bite

**Kesar**
Richly sweet



₹119.00 1kg

Soft and Creamy rich

**Alphonso Ratnagiri**
Intensely sweet with hints of honey



₹469.00 6N

Silky smooth and buttery

**Raw Totapuri**
Sour and tangy with vibrant zing



₹25.00 500g

Satisfyingly Crunchy

Offers valid in Raipur only. Offers on Mangoes are valid on May 10 & 11, 2025. Offers valid till stocks last. Images are for illustration purposes only.
*T&C apply. For more details, offers, terms & conditions visit the bigbasket app or log on to bigbasket.com/FAQ




हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

फैक्ट फाइल

## बलूचिस्तान में जश्न, बंदूक लहराते मनाई खुशी



भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक के बाद जहाँ पाकिस्तान की कई जगहों में मातम पसरा है, वहीं बलूचिस्तान में जश्न का माहौल देखने को मिला।

बलूचिस्तान वर्षों से पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र राष्ट्र बनने की मांग कर रहा है। हाल ही में बलूच अलगाववादियों ने एक ट्रेन को हाईजैक कर सेना के जवानों को मार गिराया था। अब भारतीय हमले के बाद बलूच जनमानस में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में पाकिस्तानी पठानों को हाथों में बंदूकें लेकर पारंपरिक नाच करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में दिख रहा है कि बलूचिस्तान के लोग पाकिस्तान पर भारत के हमले से उत्साहित हैं।

### घुसपैठ नाकाम... जैश के 7 आतंकियों को मार गिराया

भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के इशारे पर जैश-ए-मोहम्मद ने सांबा बॉर्डर से जैश-ए-मोहम्मद के करीब 10 से 12 आतंकी सांबा सेक्टर की इंटरनेशनल बॉर्डर से घुसपैठ कराने की कोशिश किी। इसी बीच, बीएसएफ की पेट्रोलिंग टीम ने गोलीबारी कर दी जिसमें 7 आतंकियों को मार गिराया है। इन घुसपैठियों के पास से काफी मात्रा में गोला-बारूद व हथियार बरामद हुए हैं।

### 26 जगहों पर नजर आए पाकिस्तानी ड्रोन

जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक 26 जगहों पर पाकिस्तानी ड्रोन नजर आए। उत्तर में बारामूला से लेकर दक्षिण में भुज तक अंतरराष्ट्रीय सीमा और पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा पर 26 स्थानों पर ड्रोन देखे गए हैं। इनमें नागरिक और सैन्य ठिकानों के लिए संभावित खतरा पैदा करने वाले संदिग्ध सशस्त्र ड्रोन शामिल हैं।

### अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश कर रहा पाक

## खुद बचने नागरिक विमानों को बनाया ढाल

### शुक्रवार रात भी होते रहे हमले, भारत का जमकर पलटवार भी

# तुर्किये के ड्रोन से पाक का अटैक, 36 ठिकानों पर हमला, सब नाकाम, जंग के हालात




### पाक रक्षा मंत्री बोले- जंग होना तय, हमारे पास विकल्प नहीं बचा

भारत से चल रहे तनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने संसद व एक टीवी इंटरव्यू में जंग होने के सवाल पर कहा कि इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है। उन्होंने संसद में कहा कि पाकिस्तान की सेना भारत से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और भारत पाक की जंग अब तय है। वहीं, सेना के प्रवक्ता अहमद चौधरी ने आज कहा कि अगर भारत को पाकिस्तान की फायरिंग इतनी पसंद है, तो हम आपकी ये ख्वाहिश अपनी पसंद की जगह, समय और तरीके से पूरी करेंगे।

### पाक का हाल

- पाकिस्तान को 2.3 अरब डॉलर (20 हजार करोड़ रुपए) का इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड मिला
- दुनिया से लगा रहा गुहार
- पाक ने हमलों की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा
- पाक बोला- भारत दुनियाभर में कर रहा बदनाम, हमले का लगा रहा झूठा आरोप

### भारत की दो टूक



- देश की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं
- पाक की किसी भी दुस्साहसी कार्रवाई का दिया जाएगा करारा जवाब
- पाक का हमला कायरता पूर्ण रिहायशी इलाकों को बना रहा टारगेट

### भारत ने उठाए एहतियाती कदम



- अमृतसर, लुधियाना समेत पंजाब के एयरपोर्ट बंद रहेंगे, हिमाचल में भी उड़ानें रद्द
- देश के 24 एयरपोर्ट पर 15 मई तक उड़ानें रहेंगी प्रभावित
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के बाद पीएम मोदी तीनों सेनाध्यक्ष से मिले
- अमृतसर-पठानकोट में रात 8 बजे ब्लैक आउट, धमाके की आवाज गूंजी, अलर्ट

*पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के मध्य जंग के हालात बने हुए हैं। पाक ने दूसरे दिन भी भारत के रिहायशी इलाकों में ड्रोन और मिसाइल से हमला किया, जिसे भारतीय सेना ने हवा में ही नष्ट कर दिया। इस दौरान, पंजाब, राजस्थान और जम्मू के इलाकों में ब्लैक आउट रहा। कुछ जगहों पर रह रहकर धमाके गूंजते रहे। इधर, भारतीय सेना ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान कायराना हमला कर रहा है। गुरुवार की रात उसने तुर्किए के ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए भारत के 36 सैन्य व रिहायशी ठिकानों पर हमला किया, जिसे हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। सेना के अफसरों ने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने भारत के जवाबी हमले से बचने के लिए नागरिक विमानों को ढाल बनाया। इधर तनाव के बीच पाक रक्षामंत्री ने कहा कि अब युद्ध तय हो गया है। हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने आज लगातार दूसरे दिन भी भारत के कई शहरों में ड्रोन हमलों की कोशिश की। जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में सेना ने कई पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए। जम्मू कश्मीर के राजौरी सांबा में भारी गोलाबारी और विस्फोटों की आवाज़ सुनाई देती रही। भारतीय वायु रक्षा ने ब्लैकआउट के बीच पाकिस्तानी ड्रोन ध्वस्त किए। इस दौरान लाल धारियाँ दिखीं। जम्मू कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात सहित देश के कई प्रमुख शहरों में ब्लैकआउट किया गया।

### तुर्की के ड्रोन का किया गया इस्तेमाल

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इंडियन आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयर फोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ इस प्रेस कॉन्फ्रेंस ने जानकारी दी कि भारत पर पाक द्वारा किए गए हमले में तुर्की निर्मित असिसगार्ड सोंगार मॉडल ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था जिन्हें भारतीय सेना ने मार गिराया। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान नागरिक विमानों को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। उसने भारत से तनाव के बावजूद हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया ताकि भारत हवाई हमले करने में नम्रता बरतेगा।

### जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में भारत ने मार गिराए पाकिस्तानी ड्रोन, कई जगह ब्लैक आउट



### उरी सेक्टर के इलाकों में गोलीबारी : 3 की मौत

भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा पर तनाव चरम पर है। 7 मई 2025 को पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक कॉन्वेंट स्कूल के दो छात्रों की मौत हो गई। इस हमले में कई नागरिक घायल हुए, और पाकिस्तान ने गुरुद्वारे सहित रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया। भारत ने संयम बरतते हुए पाकिस्तान के चार आतंकी ठिकानों पर जवाबी हमला किया। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय और सेना की ओर से यह जानकारी दी गई है।

### इजरायल की सभी उड़ानें निलंबित

एयर इंडिया ने अपने अधिकारिक एक्स हैंडल पर नई एडवाइजरी जारी की है। एयर इंडिया ने तेल अवीव (इजरायल) से आने-जाने वाली उड़ानों के लिए नया अपडेट जारी किया है। बताया कि 25 मई 2025 तक हमारी उड़ानें रद्द रहेंगी। यात्रियों को री-शेड्यूलिंग चार्ज पर छूट और कैंसलेशन पर फुल रिफंड दिया जाएगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने श्रीनगर, चंडीगढ़, अमृतसर, लुधियाना, भुंतर सहित 24 हवाई अड्डे बंद कर दिए है।

### धमाकों का असर, आईपीएल का धमाल सप्ताहभर नहीं




बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक सप्ताह के लिये स्थगित करने का फैसला किया है। पहले यह बताया गया था कि आईपीएल अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया गया है। बीसीसीआई ने कहा कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है, ऐसे में राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

### भारत सुरक्षित, नेतृत्व सतर्क, घबराने की जरूरत नहीं

## तीनों सेनाध्यक्षों संग की बैठक



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक की जो तस्वीर सामने आई है उसने देश और दुनिया को बड़ा संदेश दे दिया। बैठक में थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान शामिल थे। तस्वीर में दिखा आत्मविश्वास सिर्फ भावनात्मक सुकून नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश थाः "भारत सुरक्षित है, नेतृत्व सतर्क है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं।

### सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलें बनेंगी लखनऊ में

*भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे मिलिट्री टेंशन के बीच देश रक्षा उत्पादन में एक और मील का पत्थर गढने जा रहा है। देश में सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन शुरू होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने जा रही है। रविवार को, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा ब्रह्मोस मिसाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा।*

## रात में मिसाइलों से कोहराम सुबह वाटर स्ट्राइक से हड़कंप



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में गुरुवार की रात भारत के हमले से खलबली मची हुई है। 8 मई को जिस तरह भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान में मिसाइलों से कोहराम मचाया है वहीं सुबह नौ बजे भारत ने भारत ने चिनाब नदी पर बने रियासी के सलाल बांध के तीन गेट को खोल दिए जिससे वहां बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। अभी तक इस बांध को बंद कर पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी को रोका गया था। यह कदम भारत ने सिंधु जल संधि को रद्द करने के बाद उठाया था। अब फिर से सलाल डैम के गेट खोलने के बाद पीओके में बाढ़ आने की संभावना बढ़ गई है। बांध का पानी छोड़ने से पाक के कई शहरों में अफरातफरी जैसा माहौल है।

### बगलिहार डैम का भी गेट खोला गया

*पाकिस्तान पर अब बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। उधर भारत ने रामबन के बगलिहार डैम को भारत कभी भी खोल, बंद कर दे रहा है। भारत ये साफ कर चुका है कि जल संधि रद्द हो चुका है। इस वजह से अब ये भारत के ऊपर है कि वह कितना पानी छोड़ता है।*

### पाकिस्तान के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा

*इससे पाकिस्तान के निचले इलाके पानी में डूब जाएंगे और पाकिस्तान भारत से ये भी नहीं कह पाएगा कि आपने पानी क्यों छोड़ दिया। इससे पाकिस्तान के लोगों की मुश्किलें बढ़ेगी।*

## मोदी ने ली युद्ध के हालात की जानकारी, तीनों पूर्व सेनाध्यक्ष एनएसए, सीडीएस रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सशस्त्र बलों के दिग्गजों के एक समूह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने मौजूदा हालात और विभिन्न मुद्दों पर दिग्गजों के साथ विस्तृत बातचीत की। इसमें पूर्व वायुसेना प्रमुख, सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख और अन्य दिग्गज शामिल थे, जिन्होंने देश की सेवा की है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गयी। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल हुए। पाकिस्तान की ओर से लगातार सीमा पर गोलाबारी और घुसपैठ की कोशिशों के मद्देनजर यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण है।

### गृह मंत्री शाह ने भी की समीक्षा

गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमा और देश के हवाई अड्डों पर मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। शाह ने भारत एवं पाकिस्तान की सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति की समीक्षा करने के अलावा देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का भी जायजा लिया।

### नड्डा ने ली स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने भारत-पाकिस्तान में जारी सैन्य संघर्ष के बीच देश के अस्पतालों के स्वास्थ्य प्रबंध की समीक्षा की। सूत्रों ने कहा कि नड्डा और उनकी टीम ने देश भर के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की तैयारी का आकलन किया।



पहलगाम अटैक के बाद भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल है। भारत की एयरस्ट्राइक के बाद पाक भी पलटवार कर रहा है, लेकिन भारत के बाहुबली हथियारों के सामने पाकिस्तान की फुलझड़ियां फुस्स हो रही हैं। भारतीय प्रणालियों की लंबी रेंज, मल्टी-टारगेट ट्रैकिंग और स्वदेशी तकनीक ने 8 मई 2025 को पाकिस्तानी हमलों को नाकाम कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य ताकत और आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित किया, जबकि पाकिस्तान को सैन्य और आर्थिक नुकसान हुआ। गुरुवार रात पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमले को रोकने में भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने एक सुरक्षा छतरी की तरह काम किया, अटैक को नाकाम किया। पाक के अटैक को रोकने में भारतीय रक्षा प्रणालियों जैसे एकीकृत काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (यूएएस) ग्रिड, एस-400 सुदर्शन, बराक-8, आकाश और डीआरडीओ की एंटी-ड्रोन तकनीकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने जेएफ-17, जे-10, एफ-16 जेट्स, पीएल-15 आम, एएमराम, एचएटीएफ, एचक्यू-9 और डीजो सैन्य ड्रोन का उपयोग किया। आइए जानते हैं भारतीय रक्षा प्रणालियों की खासियत...

पाक के नापाक 'करतूतों' को कर रहे नाकाम


गुरुवार रात हुए देश के विभिन्न शहरों में ड्रोन हमले को किया नेस्त-ओ-नाबूद

पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच है तनाव का माहौल

# भारत के एयर डिफेंस सिस्टम के ये 5 योद्धा

## भारतीय वायु रक्षा प्रणालियां

### एकीकृत काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (यूएएस) ग्रिड



एकीकृत काउंटर-यूएएस ग्रिड एक उन्नत रक्षा नेटवर्क है, जो अनधिकृत ड्रोन और मिसाइलों का पता लगाने, ट्रैक करने और निष्प्रभावी करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह 1,800 किमी हवाई क्षेत्र में सक्रिय है।

**विशेषताएं**

**तकनीक** : रडार, रेडियो फ्रीक्वेंसी सेंसर, ऑप्टिकल कैमरे और ध्वनिक डिटेक्टर.

**प्रतिक्रिया** : सिग्नल जैमिंग, GPएस स्पूफिंग और काइनेटिक इंटरसेप्टर.

**क्षमता** : कई खतरों को एक साथ ट्रैक और नष्ट करने में सक्षम.

**योगदान** : 8 मई को, इस ग्रिड ने श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट और भुज सहित 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने वाले पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को नष्ट किया।

### आकाश
#### सतह-से-हवा मिसाइल

डीआरडीओ द्वारा विकसित आकाश एक स्वदेशी मध्यम दूरी की सतह-से-हवा मिसाइल प्रणाली है, जो भारत की निचले स्तर की रक्षा का आधार है।




**विशेषताएं**

**रेंज** : 45-70 किमी (आकाश-NG).

**लक्ष्य** : फाइटर जेट्स, ड्रोन, क्रूज मिसाइलें.

**क्षमता** : 60 किग्रा वॉरहेड, 100% इंटरसेप्शन दर, इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटरमेजर्स (ECCM)

**तैनाती** : मोबाइल प्लेटफॉर्म, जैसे टैंक और ट्रक.

**योगदान** : आकाश ने 7 मई को एक जेएफ-17 जेट और 8 मई को ड्रोन स्वार्म्स को नष्ट किया। इसका निर्यात आर्मेनिया को किया गया है।

### एस-400 (सुदर्शन चक्र)



रूस द्वारा निर्मित एस-400 , जिसे भारत में 'सुदर्शन चक्र' कहा जाता है, विश्व की सबसे उन्नत लंबी दूरी की सतह-से-हवा मिसाइल प्रणालियों में से एक है। भारत ने 2018 में 5.43 बिलियन डॉलर के सौदे में पांच स्क्वाड्रन खरीदे।

**विशेषताएं**

**रेंज**: 400 किमी (इंटरसेप्शन), 600 किमी (ट्रैकिंग).

**लक्ष्य**: फाइटर जेट्स, ड्रोन, क्रूज मिसाइलें, बैलिस्टिक मिसाइलें.


**क्षमता**: 300 लक्ष्यों को ट्रैक करने और 36 को एक साथ नष्ट करने की क्षमता.

**मिसाइलें**: 40N6E (400 किमी), 48N6डीM (250 किमी), 9M96E2 (120 किमी), 9M96E (40 किमी).

**योगदान**: 7-8 मई की रात को, एस-400 ने पठानकोट और राजस्थान में तैनात होकर पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को नष्ट किया। इसने लाहौर में पाकिस्तान की एचक्यू-9 प्रणाली को भी निष्प्रभावी किया।

### डीआरडीओ की एंटी-ड्रोन तकनीकें

डीआरडीओ ने ड्रोन खतरों से निपटने के लिए कई उन्नत तकनीकों को विकसित किया है, जिनमें डी4 काउंटर-ड्रोन सिस्टम और मैन पोर्टेबल काउंटर ड्रोन सिस्टम (एमपीसीडीएस) शामिल हैं।



**डी4 सिस्टम**

**विशेषताएं** : रीयल-टाइम खोज, ट्रैकिंग और निष्प्रभावीकरण (सॉफ्ट/हार्ड किल)
**क्षमता** : ऑप्टिकल/थर्मल डिटेक्शन, Rएफ स्पेक्ट्रम डिस्प्ले
**तैनाती** : 2024 में ऑपरेशनल, माइक्रो/छोटे UAVएस के खिलाफ प्रभावी

एमपीसीडीएस (मैन पोर्टेबल काउंटर ड्रोन सिस्टम)
**विशेषताएं** : जैमिंग और ड्रोन अक्षम करने की क्षमता.
**क्षमता** : पोर्टेबल, हल्के ड्रोन के खिलाफ प्रभावी.
**योगदान** : इन प्रणालियों ने 8 मई को पाकिस्तानी डीजो सैन्य ड्रोन को निष्प्रभावी किया।

### एससीएएलपी और हैमर मिसाइलें



**एससीएएलपी (स्टॉर्म शैडो)**: 250 किमी से अधिक रेंज वाली लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल, जो आतंकी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने में उपयोगी.

**हैमर**: 70 किमी रेंज वाली स्टैंडऑफ स्मार्ट बम, जो बंकरों और इमारतों को निशाना बनाती है।

**योगदान**: ऑपरेशन सिंदूर में इनका उपयोग लश्कर और जैश के प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट करने के लिए किया गया।

# पाक को झटका, सिंधु जल समझौते पर विश्व बैंक ने खड़े किए हाथ

## विवाद सुलझाने पर कहा- हम कुछ नहीं कर सकते, भारत को नहीं रोक सकते * भारत ने निलंबित की है संधि



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान को सिंधु जल समझौता पर बहुत बड़ा झटका लगा है। वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने स्पष्ट किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई सिंधु जल संधि में विश्व बैंक की भूमिका केवल 'फेसिलिटेटर' यानी मध्यस्थ की है और वह इस संधि में उत्पन्न हुए हालिया गतिरोध को सुलझाने के लिए हस्तक्षेप नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक भारत को रोकने के लिए हस्तक्षेप नहीं करेगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

### द्विपक्षीय मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं करेगा वर्ल्ड बैंक

बंगा ने इंटरव्यू में कहा, 'हमारी भूमिका केवल सुविधा प्रदान करने तक सीमित है। विश्व बैंक उस ट्रस्ट फंड के माध्यम से तटस्थ विशेषज्ञ या मध्यस्थता न्यायालय की नियुक्ति के लिए शुल्क का भुगतान करता है, जो संधि के समय स्थापित किया गया था। इसके अलावा हमारी कोई भूमिका नहीं है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि विश्व बैंक इस द्विपक्षीय मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं करेगा। संधि के तहत, इंडस नदी प्रणाली के 80% पानी का आवंटन पाकिस्तान को और 20% भारत को किया गया है।

**सिंधु जल संधि**

पश्चिमी नदिया (सिंधु, झेलम, चिनाब) : पाकिस्तान को आवंटित
पूर्वी नदियां (रावी, ब्यास, सतलुज) : भारत को आवंटित
*(हालांकि, दोनों देशों को एक-दूसरे की नदियों से सीमित मात्रा में पानी इस्तेमाल करने का अधिकार भी संधि में दिया गया है। भारत को सिंधु नदी प्रणाली से कुल 20% पानी इस्तेमाल करने का अधिकार है, जबकि 80% पानी पाकिस्तान को मिलता है।)*

**भरी पार्लियामेंट में पाक सांसद ने शहबाज को लगाई लताड़**

# 'हमारे पीएम बुजदिल, गीदड़ ये मोदी का नाम लेने से डरते हैं'



एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

भारत के एयर स्ट्राइक के बाद किए जा रहे लगातार एक्शन का पाकिस्तान पर इस कदर असर हुआ है कि भरी संसद में सांसद पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को जमकर लताड़ लगा रहे हैं। पूर्व पाक पीएम इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के सांसद शाहिद खटक ने शहबाज शरीफ को गीदड़ और बुजदिल बताते हुए कहा कि अगर लीडर ऐसा हो तो शेर फौजियों की लश्कर भी हार जाती है। भारत-पाकिस्तान तनाव के मुद्दे पर पाक संसद में हर दिन चर्चा हो रही है और सांसद अपनी सरकार पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पीटीआई सांसद शाहिद खटक ने भी शुक्रवार को इस मुद्दे पर सरकार को घेरा और खूब सुनाया।

खटक ने कहा, 'पीएम शहबाज शरीफ के लिए टीपू सुल्तान की एक बात याद आ रही है, जिसमें उन्होंने कहा था- अगर एक लश्कर का सरदार शेर हो और उसके फौजी गीदड़ हों, तो वो भी शेरों की तरह लड़ते हैं और जीत जाते हैं, लेकिन अगर लश्कर के फौजी शेर हों और लीडर गीदड़ हो, तो शेर भी हार जाते हैं।'

### पीएम मोदी को लेकर यह कहा

पाक संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी इन दिनों खूब चर्चा हो रही है। शाहिद खटक ने कहा कि देश के लोग अपने लीडर से आस रखते हैं, लेकिन जब लीडर बुजदिल हो और वो पाकिस्तान का नाम भी न ले सके, तो वो क्या पैगाम देगा बॉर्डर पर लड़ने को। शाहिद खटक ने कहा कि पाकिस्तान की टॉप लीडरशिप में पीएम मोदी को लेकर खौफ है और वह उनका नाम तक लेने में हिचकिचाते हैं। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने 15 शहरों के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की जो नाकाम कोशिश की है, उसने तनाव को और बढ़ा दिया है।

### पाक रक्षा मंत्री व एक्सपर्ट की जगहंसाई

भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने बीती रात भारत के कई इलाकों में हमला करने की कोशिश की। लेकिन एक बार फिर भारत ने पड़ोसी मुल्क को एक बार फिर धूल चटा दी। अब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इसे लेकर बड़ी हास्यास्पद प्रतिक्रिया दी है, जिससे उनकी विश्वमंच पर जगहंसाई हो रही है। ख्वाजा आसिफ ने पाकिस्तानी संसद में कहा कि कल का जो ड्रोन हमला हुआ है, वह दरअसल हमारी लोकेशन डिटेक्ट करने के लिए किया गया था। हमारी लोकेशन लीक ना हो, उसे डिटेक्ट ना कर लिया जाए इसलिए हमने उन्हें इंटरसेप्ट नहीं किया। पाकिस्तानी एक्सपर्ट डॉ. कमर चीमा ने भी इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सब पूछ रहे हैं कि ये ड्रोन रावलपिंडी तक कैसे पहुंचे? दरअसल, ये ईएमएस माउंटेड हैं। इनका उद्देश्य है कि ये हमारे ग्राउंड बेस डिफेंस का पता लगाएं और फिर ये हमारी लोकेशन को अपने कमांड सेंटर में ट्रांसमिट कर देते हैं, जिसकी वजह से हमारी लोकेशन का पता चल गया।



**आबादी वाले बस्ती में बम जैसा सामान बरामद**

# पाकिस्तानी हमले के जैसलमेर में मिले सबूत!



एजेंसी ▶▶| जैसलमेर

पाकिस्तान की ओर से सीमावर्ती जिले जैसलमेर में गुरुवार रात को हवाई हमला किया गया। इस हमले में मिसाइल, ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सेना ने दुश्मन देश से आने वाले हर हमले का करारा जवाब देते हुए उसे नाकाम कर दिया। शुक्रवार सुबह जैसलमेर के किशनघाट क्षेत्र में रात को हुए इस हमले के दौरान गिरा एक बम मिला है। आबादी वाले इलाके में मिले बम से हड़कंप मच गया है। यह घटना गुरुवार रात करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि यह बम पाकिस्तान द्वारा जैसलमेर पर किए गए संभावित हमले के दौरान गिरा हो सकता है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस पहलू की भी गहनता से जांच कर रही हैं।

### इन्होंने देखा सबसे पहले

स्थानीय निवासी और प्रत्यक्षदर्शी अर्जुन नाथ ने सबसे पहले इस संदिग्ध वस्तु को देखा और उसने तुरंत किशनघाट के सरपंच प्रतिनिधि कल्याणराम को इस बारे में अवगत कराया। कल्याणराम ने भी बिना देर किए कंट्रोल रूम के माध्यम से पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सुरक्षाबलों की टीम हरकत में आई। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ-साथ वायुसेना की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। संभावित खतरे को देखते हुए स्थान को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। घटनास्थल पर बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया, जो बमनुमा वस्तु की जांच में जुटा हुआ है।

**केंद्र सरकार का एक्शन**

# 'द वायर' पर प्रतिबंध, 'मकतूब मीडिया' एक्स अकाउंट बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच केंद्र सरकार ने डिजिटल मीडिया संस्थान द वायर के प्रसारण पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही मकतूब मीडिया के एक्स अकाउंट को प्रतिबंधित किया है। कार्रवाई को लेकर द वायर ने बयान जारी कर कहा, प्रेस की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए भारत सरकार ने पूरे भारत में द वायर इन तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है। हम महत्वपूर्ण समय में भारत के इस सेंसरशिप का विरोध करते हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने एक्स को भारत में कानून का उल्लंघन करने पर 8,000 अकाउंट ब्लॉक करने का कार्यकारी आदेश दिया था। एक्स ने बताया कि उसे भारतीय कानून के तहत कार्रवाई से बचने के लिए मानना पड़ा। अकाउंट सिर्फ भारत में बैन होंगे।

### फर्जी और गुप्त खबरों पर रक्षा मंत्रालय के निर्देश

रक्षा मंत्रालय ने वर्तमान हालात के दौरान कहा कि टीवी चैनल और सोशल मीडिया पर काफी फर्जी खबरें सामने आती रहीं, जिसने लोगों के बीच घबराहट पैदा की और भारतीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इसे देखते हुए रक्षा मंत्रालय ने मीडिया चैनलों के लिए निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया कि संवेदनशील या स्रोत-आधारित जानकारी का खुलासा परिचालन प्रभावशीलता को और जान को खतरे में डाल सकता है, ऐसी जानकारियों से बचें। इसके साथ ही मंत्रालय ने इसके उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की भी चेतावनी दी हैं।

**पाकिस्तान कर रहा साइबर हमला, न खोलें अंजान वाट्सएप लिंक**

# सावधान रहें, फनी वीडियो 'डांस ऑफ द हिलेरी' से

## केंद्र सरकार की कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम की एडवाइजरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। पाकिस्तान भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए नई-नई साजिश रच रहा है। इस बीच, केंद्र सरकार ने बड़े साइबर अटैक की आशंका जताई है। केंद्र सरकार की कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-इन) ने एक स्पेशल एडवाइजरी जारी कर फाइनेंशियल और क्रिटिकल सेक्टर को साइबर सुरक्षा को अधिक मजबूत करने की सलाह दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान अब इंटरनेट के जरिए भारतीय नागरिकों पर साइबर अटैक करने की तैयारी में है। एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है कि, पाकिस्तान वाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए डांस ऑफ द हिलेरी नाम के खतरनाक वायरस को एक फाइल में डालकर सर्कुलेट कर रहा है। इन लिंक को ओपन करने से मोबाइल डेटा चोरी, निगरानी और डिवाइस हैक होने का खतरा है। सुरक्षा एजेंसियों ने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अंजान नंबर या लिंक पर क्लिक न करें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत रिपोर्ट करें।




### पाक ने बिछाया जाल

पाकिस्तान भारतीय नागरिकों को टारगेट करने के लिए अंजान नंबरों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे- वाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, फेसबुक के जरिए साइबर हमलें की साजिश रच रहा है। पाकिस्तान स्थित साइबर क्रिमिनल्स भारतीयों को 'डांस ऑफ द हिलेरी' नाम के फनी वीडियो के लिंक या फाइल भेज सकता है, जिसे भूलकर भी ओपन न करें। क्योंकि इसके जरिए वह आपके स्मार्टफोन, पीसी या लैपटॉप को भी हैक कर सकता है, जो देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक हो सकता है।

### ऐसे बचें साइबर हमले से

साइबर हमलें से बचने के लिए सबसे पहले सतर्क रहें और अपने फोन में एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करें। साथ ही फोन का ऑपरेटिंग सिस्टम अपडेट रखें। व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अंजान नंबर से आने वाले संदिग्ध लिंक्स और अटैमेंट्स फाइल को ओपन करने से बचें। इसके अलावा, अपने फोन में स्ट्रॉग पासवर्ड का इस्तेमाल करें। आखिरी में सबसे जरूरी बात कोई भी ऐप डाउनलोड को करते समय बेहद सावधानी बरतें।

### साइबर हेल्प लाइन नंबर

अगर आप गलती से किसी अनजान फाइल पर क्लिक कर देते हैं और अगर बाय चांस आपका नुकसान हो जाता है तो बिना देर किए 1930 (नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर) पर कॉल कीजिए और अपने साथ हुई घटना के बारे में जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज करें।

**भारत में 8000 एक्स अकाउंट बैन** : इधर, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने भारत में 8 हजार अकाउंट्स को बंद कर दिया है। ये कार्रवाई सरकार के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी करने के बाद हुई है। अकाउंट बंद करने के बाद एक्स ने बयान में कहा है कि एकाउंट बंद न करने की स्थिति में कंपनी पर पेनाल्टी लगाई जा सकती थी।

रायपुर
शनिवार, 10 मई 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 23, अंक : 292
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 38.9
न्यून. 25.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



03 डॉक्टर बनने के बाद चुनी एक्टिंग

विचार पेज
02 बुल्ले शाह का पंजाब क्यों बना दुश्मन

haribhoomi.com

# युद्ध जैसे हालात बनते ही सफर से परहेज, फ्लाइट बुकिंग घटकर आधी से भी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर


भारत-पाकिस्तान के बीच बने युद्ध के हालात का असर विमानों में यात्रा करने वालों पर भी हुआ है। ऐसी आपात स्थिति में लोग अपने घरों में रहना पसंद कर रहे हैं। रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइटों में बुकिंग की संख्या भी घटकर आधी हो गई है। गर्मी की छुट्टियां मनाने दूसरे शहर जाने पूर्व में बुक हुए टिकट भी कैंसिल हो रहे हैं। वर्तमान में यात्रा करने वाले ज्यादातर इमरजेंसी काम अथवा घरों की ओर लौटने वाले लोग हैं। आपात स्थिति निर्मित होने की वजह देश से संवेदनशील माने जाने वाले दो दर्जन हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है। इसके अलावा कई शहरों में फ्लाइट के ⏭ शेष पेज 5 पर

## अमेरिका जाने वाले संशय में

राजधानी के एक प्रतिष्ठित ट्रैवल्स कारोबारी ने बताया कि दिल्ली, मुंबई सहित विभिन्न शहरों के लिए टिकट बुकिंग काफी कम हो गई है। एक परिवार को अमेरिका जाना है मगर वर्तमान स्थिति को देखते हुए वे टिकट बुकिंग को लेकर संशय में है। उन्हें इस बात की चिंता है कि यात्रा के दौरान उन्हें किसी तरह की अनावश्यक परेशानी का सामना ना करना पड़े, इसकी वजह से वे कई बार कार्यालय आकर वापस लौट चुके हैं।

## बढ़ी चिंता, छुट्टियां मनाने पूर्व से बुक टिकट भी हो रहे कैंसिल

- अब ज्यादातर इमरजेंसी यात्री अथवा घर लौटने वाले लोग



### काफी दिनों तक रहेगा प्रभावित

आपात स्थिति में कोई भी अपने घर से दूर नहीं जाना चाहता। एयर टिकटों की नयी बुकिंग काफी कम हो चुकी है और पुराने टिकट कैंसिल हो रहे हैं। हालात सुधरने के बाद भी स्थिति सुधरने में वक्त लगने की संभावना है।

**- रमन जादवानी,** अध्यक्ष ट्रैवल्स एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया

## फेयर भी हो चुका कम

विभिन्न शहरों से रायपुर के लिए आवाजाही करने वाली फ्लाइट के लिए राजधानी का फेयर काफी कम हो चुका है। मुंबई जाने का टिकट 72 से 7500 सौ में मिल रहा है तो दिल्ली की यात्रा 7000 में पूरी हो रही है। हैदराबाद का टिकट चौबीस घंटे पहले 5 हजार में इंदौर का 7 हजार और भोपाल का साढ़े छह हजार में आसानी से मिल रहा है। इन शहरों की वापसी का किराया भी अभी सामान्य स्थिति में आ चुका है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट के समर वेकेशन में बदलाव, अब 2 से 28 जून तक रहेगी छुट्टी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में ग्रीष्मकालीन छुट्टी 12 मई से 6 जून की जगह 2 जून से 28 जून के बीच रहेगी। रजिस्ट्रार जनरल मनीष कुमार ठाकुर ने आदेश में यह भी कहा है कि अधिवक्ताओं द्वारा उनकी गैर-उपस्थिति के लिए या यदि वे वर्चुअल रूप से उपस्थित होना चाहते हैं, तो उनके द्वारा दायर किया गया समायोजन आवेदन, यदि कोई हो तो भी उक्त अवधि के दौरान स्वीकार किया जाएगा। रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी आदेश के मुताबिक समर वेकेशन के दौरान प्रकरणों की सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच का गठन भी बाद में नए सिरे से किया जाएगा। हालांकि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उमाकांत सिंह चंदेल और सचिव वरूणेन्द्र मिश्रा ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर पूर्व में जारी आदेश के तहत ही समर वेकेशन रखने की मांग की है।

## अपडेट करने के दौरान तकनीकी त्रुटि की आशंका, अब सुधरवाने में छूटेगा पसीना

# खसरा में थोक में गड़बड़ी, जमीन मालिक के नाम के नीचे सब को लिख दिया नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के कई जिलों के खसरा खाता में जमीन मालिक बालिग से नाबालिग हो गए हैं। इन खसरा खातों में निजी लोगों की जमीन के अलावा शासकीय जमीनें भी हैं। प्रदेश के कई जिलों में एक साथ हुई इस त्रुटि से संभावना जताई जा रही है कि किसी तकनीकी खराबी के कारण यह बड़ी गड़बड़ी हुई है। एक साथ कई जिलों के सैकड़ों-हजारों खसरा खातों में अचानक नाबालिग लिख जाना कहीं न कहीं यह गड़बड़ी राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) मुख्यालय से हुई है, क्योंकि खसरा खाता से संबंधित सारे काम अब भुईयां पोर्टल ऑनलाइन साफ्टवेयर से होते हैं।


इधर खसरा खातों में हुई इस त्रुटि से जमीनों के मालिकों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि खसरा खातों को सुधरवाने की प्रक्रिया आसान नहीं है। इसके लिए राजस्व अधिकारियों से लेकर पटवारियों तक के चक्कर काटने पड़ते हैं। नाबालिग कई शासकीय जमीनों के खसरा खातों में भी अंकित हो ⏭ शेष पेज 5 पर

**केस 1**
बेमेतरा जिले के थान खमरिया तहसील अंतर्गत ग्राम टुरा सेमरिया निवासी किसान गिरधारी पति बालाराम की 0.2800 हेक्टेयर क्षेत्रफल रकबा खाता में उसके नाम के नीचे नाबालिग भी लिखा हुआ है।

**केस 2**
जांजगीर-चांपा जिले के तहसील नवागढ़ अंतर्गत ग्राम अवरीद निवासी किसान कुसुमलता की 0.0970 हेक्टेयर जमीन का खसरा खाता में उसके नाम के नीचे नाबालिग लिखा है।

**केस 3**
रायगढ़ जिले के ग्राम मौहापाली क्षेत्र में स्थित 9.6690 हेक्टेयर शासकीय जमीन है। इस जमीन के खसरा खाता में भी नाबालिग लिखा हुआ है।

**केस 4**
मनेंद्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर जिले के भरतपुर क्षेत्र में 0.7000 हेक्टेयर शासकीय जमीन है। इस जमीन के खसरा खाता में भी नाबालिग लिखा है।



### आधा दर्जन से अधिक जिलों के खसरा खातों में त्रुटि

हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के आधा दर्जन से अधिक जिलों में खसरा खातों में त्रुटि के मामले सामने आए हैं। इनमें रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा, गौरेला-पेंड्रा, भरतपुर, सक्ती सहित अन्य जिले शामिल हैं। इन सभी जिलों के लगभग सभी तहसील क्षेत्रों में खसरा खातों में इस तरह की त्रुटि हुई है।

### 2022 में भी हुई थी बड़ी त्रुटि

छत्तीसगढ़ पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप ने बताया कि वर्ष 2022 में भी इसी प्रकार गड़बड़ी हुई ⏭ शेष पेज 5 पर

### साफ्टवेयर में तकनीकी समस्या की आशंका

तहसील कार्यालयों में राजस्व से संबंधित ज्यादातर कार्य अब भुईयां साफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन होते हैं। हालही में शासन ने तहसील कार्यालयों से प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के बाद नामांतरण का अधिकार पंजीयन विभाग को दे दिया है। इसके तहत प्रदेश में कहीं-कहीं पंजीयन कार्यालयों में नामांतरण के साथ बटांकन भी हो रहे हैं। भुईयां साफ्टवेयर वैसे पहले से ही पंजीयन विभाग के साफ्टवेयर से अटैच था, लेकिन पंजीयन कार्यालयों से नामांतरण व बटांकन के कार्य नहीं होते थे। नये सिस्टम के तहत पंजीयन कार्यालय से ही नामांतरण व बटांकन होने हैं। सूत्रों के अनुसार इसके लिए भुईयां और पंजीयन विभाग के साफ्टवेयर में तकनीकी सुधार कार्य भी किए जा रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि इसी सुधार कार्य के कारण कई जिलों के खसरा खातों में त्रुटियां हो गई हैं, जिससे निजी और शासकीय खसरा खातों में ऑटोमेटिक नाबालिग भी अंकित हो गया है।

## तेलंगाना में बीजापुर के 38 माओवादियों का सरेंडर

### 29 पुरुष और 9 महिला नक्सली



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) पार्टी के 38 सदस्यों ने 9 मई को तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिला के पुलिस अधीक्षक रोहित राजू के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। 38 माओवादियों में 9 महिलाएं तथा 29 पुरुष हैं। इन्होंने नक्सलवाद का रास्ता छोड़ने और अपने परिवार के सदस्यों के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने का फैसला किया है। तेलंगाना सरकार के आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी सदस्यों को दी जा रही पुनर्वास सुविधाओं से आकर्षित होकर आत्मसमर्पण किया है। इस साल अब तक जनवरी से प्रतिबंधित माओवादी ⏭ शेष पेज 5 पर

- बस्तर में लगातार नक्सलियों पर दबाव और मुठभेड़ में मौत के बाद पड़ोसी राज्य में कर रहे सरेंडर

### इन्होंने किया समर्पण

समर्पण करने वालों में सोडी जोगा मनोज (25), निवासी पामेड़ बीजापुर, नुपापोज्जा, सियो उंगा (21), निवासी पामेड़ बीजापुर, मदाकमहादुमा, पुत्र जोगा (20), निवासी पामेड़ बीजापुर, मदाकमहिदामा, पुत्र हदामा (42), सोयम वागा, पुत्र कोसा (47), सुन्नम अशोक, पुत्र सुब्बैया (27), सुन्नम गणेश, पुत्र जनकलाह (31), मदविमुकरम ⏭ शेष पेज 5 पर

# बेटी से दोस्ती पर आपत्ति जताई तो पिता को ही पीट-पीटकर मार डाला

- जामुल थाना क्षेत्र की घटना, मुड़पार बाजार चौक के पास मिला शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जामुल थाना अंतर्गत बाजार चौक मुड़पार में 40 वर्षीय सचिन यादव को एक नाबालिग ने पीट-पीटकर मार डाला। मृतक सचिन ने नाबालिग को लेकर घर में सिर्फ इतना बताया था कि वह सही नहीं है। सचिन को अपनी बेटी के साथ आरोपी की दोस्ती पसंद नहीं है। इस बात की जानकारी मिलने के बाद आरोपी आक्रोशित हो गया और उसने घटना को अंजाम दिया। ⏭ शेष पेज 5 पर

### परिवार में पत्नी और चार बेटियां

सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मृतक वाहन चालक था। परिवार में पत्नी और चार बेटियां हैं। गुरूवार की रात को सचिन यादव अपने घर से गाय का बछड़ा खोजने के लिए निकला था। अपचारी बालक के मिलने के बाद दोनों के बीच गाली गलौज के बाद विवाद हो गया। बात हाथापाई तक पहुंच गई। घटना की जानकारी परिजनों को शुक्रवार को मिली।

## पर्रा-सूपा की खरीदी...



**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल विकासखंड स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्र बलदाकछार पहुंचे। यहां उन्होंने बरगद के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी और उन्होंने अपने परिवार में होने वाली शादी के लिए तुरंत दो पर्रा, दो धुकना और एक सुपा खरीद लिया।

# पूर्व सीएम भूपेश की विधायकी पर जारी रहेगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट ने याचिका के तकनीकी बिंदुओं को लेकर इसे खारिज करने की पूर्व मुख्यमंत्री की मांग खारिज कर दी है। इस मामले की सुनवाई अगली सुनवाई 18 जून को होगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि याचिका में पर्याप्त तथ्यों और सामग्री की मौजूदगी है, इसलिए इसे इस ⏭ शेष पेज 5 पर

### हाईकोर्ट का झटका

- कोर्ट ने कहा कि याचिका में पर्याप्त तथ्य और सामग्री मौजूद
- भाजपा प्रत्याशी और दुर्ग सांसद विजय बघेल ने की है चुनाव याचिका दाखिल



### याचिका में कानूनी खामियां नहीं

इस संबंध में याचिकाकर्ता विजय बघेल ने कोर्ट में साक्ष्य और दस्तावेज भी प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने मांग की है कि भूपेश बघेल का निर्वाचन रद्द किया जाए। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से कोर्ट में याचिका दायर कर तकनीकी आधार पर खारिज करने की अपील की गई थी। उन्होंने कहा कि याचिका में कानूनी खामियां हैं, इसलिए इसे आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने इस आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि याचिका में पर्याप्त सामग्री है और सुनवाई जारी रहनी चाहिए। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 जून 2025 की तारीख तय की है।

# भाजपा विधायक रेड्डी को सात साल की जेल, अवैध खनन में गई विधायकी

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक के भाजपा विधायक जी जनार्दन रेड्डी को विधानसभा सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। अवैध खनन मामले में दोषी पाए जाने के बाद कर्नाटक विधानसभा ने यह आदेश जारी किया। इसके साथ कर्नाटक विधानसभा की एक सीट खाली हो गई है। जी जनार्दन रेड्डी कर्नाटक की गंगावती सीट से विधायक थे। रेड्डी को 6 मई 2025 को अवैध खनन मामले में सजा सुनाई गई थी।



### अवैध लौह अयस्क खनन मामले में मिली सजा

कर्नाटक विधानसभा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जनार्दन रेड्डी को विधानसभा सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। रेड्डी अपनी रिहाई के छह साल बाद तक भी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। सीबीआई की विशेष अदालत ने जी जनार्दन रेड्डी और तीन अन्य को ओबुलापुरम माइनिंग कंपनी द्वारा लौह अयस्क का अवैध खनन करने का दोषी पाए जाने के बाद सात साल जेल व एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।




RAIPUR: MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: SKY AUTOMOBILE: 9584433005, 9584465304 | SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332 | AVANTI VIHAR: SKY AUTOMOBILES: 9584333066, 9584465304 | BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 7987196900 | DURG BYPASS: CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910057, 7222910042 | DURG: PULGAON CHOWK: SPARSH AUTOMOBILES: 9926761100| JAGDALPUR: SKY AUTOMOBILES: 8889998607, 9584465304 | BHATAGAON: HDN MOTORS: 7909800009 | SARONA: VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620018 | DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9111011381.

## चिंतन

# विश्व बैंक व अमेरिका ने पाक को दिया झटका

भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान को दो मोर्चे पर करारा झटका लगा है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया है कि सिंधु जल संधि पर हमारी भूमिका सुविधा प्रदाता से अधिक नहीं है। अमेरिका ने भी पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया है कि भारत व पाक के बीच जारी तनाव से अमेरिका का कुछ वास्ता नहीं है, वह युद्ध से दूर रहेगा। विश्व बैंक और अमेरिका के साफ संदेश से पाकिस्तान को समझ आ गया होगा कि वैश्विक मोर्चे पर वह कितना अलग-थलग पड़ चुका है। पहलगाम में निहत्थे निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले में लिप्त पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों व उसके साजिशकर्ताओं के खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया। इसको लेकर भारत ने स्पष्ट कहा कि भारत की कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है, लेकिन पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर कार्रवाई करने के बजाय भारत के खिलाफ उकसावे का रास्ता चुना। पाक फौज ने पहले एलओसी पर सीजफायर का उल्लंघन किया, उसके बाद नागरिकों को निशाना बनाकर गोलीबारी की। फिर भारत के 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर हमले किए। भारत ने जहां सीमा पर मुंहतोड़ जवाब दिया, पाक के हमलों को विफल किया, वहीं पाक की सैन्य कार्रवाई के जवाब में भारतीय सेना ने इतना मारक प्रहार किया कि पाकिस्तान दहल उठा। हालांकि वह इससे भी नहीं चेता है और फिर से सीमा पार से गोलीबारी कर रहा है, जिसका भारत जवाब दे रहा है। भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को अमेरिका व चीन से उम्मीद थी कि वह मदद करेंगे, लेकिन अमेरिका ने पल्ला झाड़ लिया है और शुरुआती हमदर्दी के बाद चीन का रिस्पॉन्स भी ठंडा है। इससे पाकिस्तान समझ गया होगा कि आतंकवाद के पक्ष में उसकी लड़ाई में कोई भी साथ खड़ा नहीं होगा। आज दुनिया आतंकवाद से पीड़ित है। अमेरिका, यूरोप, एशिया सब आतंकवाद का दंश झेल रहे हैं। पाकिस्तान के कृत्य आतंकवाद के पालक-पोसक के रूप में है। ग्लोबल घोषित कई आतंकवादी व आतंकी गुट पाकिस्तान में विद्यमान हैं। अमेरिका को भी समझ आ गया है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के नाम पर उससे फंड लेने वाले पाकिस्तान ने उस फंड का दुरूपयोग आतंकवाद को पालने में किया। हालांकि अब अमेरिका ने ऐसा फंड बंद कर दिया है और मदद में भी कटौती कर दी है। विश्व बैंक से झटके की उम्मीद पाकिस्तान को नहीं रही होगी। वर्ष 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में ही हुई थी। इस संधि के बाद से सिंधु, चिनाब व झेलम नदी का करीब 80 फीसदी पानी पाकिस्तान को मिल रहा था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। उसके बाद पाकिस्तान की उम्मीद विश्व बैंक पर टिकी थी कि वह भारत के संधि निलंबन व पानी रोकने के एक्शन को गलत बताते हुए पाकिस्तान की मदद करेगा। विश्व बैंक ने अपनी भूमिका को स्पष्ट कर पाकिस्तान को आईना दिखा दिया। ऐसे ही अमेरिका ने कहा है कि वह ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जिससे उसका ''मूलतः कोई वास्ता नहीं है''। पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई करनी ही होगी, अगर वह भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आएगा तो, भारत ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य ऑपरेशनों से आतंकवाद के खात्मे के लिए कदम उठाता रहेगा। पाकिस्तान अगर किसी भी प्रकार की सैन्य हिमाकत करेगा, तो भी भारत उसका करारा जवाब देगा। भारत की लड़ाई आतंकवाद से है, पाकिस्तान से नहीं।



## विश्लेषण
विवेक शुक्ला

# बुल्ले शाह का पंजाब क्यों बना दुश्मन

भारतीय फौजों ने ऑपरेशन सिंदूर के पहले दिन बुधवार को पाकिस्तान के पंजाब सूबे के बहावलपुर, मुरिदके, सियालकोट और शकरगढ़ में कसकर हमला बोला। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर भी हमला बोला गया। सरहद पार का पंजाब भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ था। ये इस्लामिक कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। ये भारत पर लगातार हमले करते हैं। ये वही धरती है जो ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का केंद्र रही है। इधर बुल्ले शाह और बाबा फरीद जैसे संतों की समृद्ध परंपरा रही है, जिन्होंने प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। पर बीते तीस-चालीस सालों में सरहद पार का पंजाब बदल गया। राज मोहन गांधी ने अपनी किताब 'पंजाब : ए हिस्ट्री फ्रॉम औरंगजेब टू माउंटबेटन' में एक जगह लिखा है कि पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों में अपने को एक-दूसरे से बड़ा कट्टरपंथी साबित करने की होड़ रहती है। क्यों पंजाब बदलने लगा ? दरअसल भारत के विभाजन ने पंजाब को गहरे रूप से प्रभावित किया।

पाकिस्तानी पंजाब में बड़े पैमाने पर जनसंख्या विस्थापन हुआ। पाकिस्तान के निर्माण के बाद, इस्लाम को वहां राष्ट्रीय पहचान का आधार बनाया गया, जिसने धीरे-धीरे कट्टरपंथी विचारधाराओं को पनपने का मौका दिया। पंजाब ने मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे कट्टरपंथियों को प्रभाव जमाने का अवसर दिया। आप कह सकते हैं कि 1970 और 1980 के दशक ने पंजाब को इस्लामिक कट्टरपंथ की ओर धकेला। इसकी कई ठोस वजह रहीं। सोवियत-अफगान युद्ध (1979-1989) के दौरान, पंजाब अमेरिका और सऊदी अरब द्वारा समर्थित जिहादी समूहों का गढ़ बन गया। जालंधर में पैदा हुए जनरल जिया-उल-हक की सरकार ने इस्लामीकरण को खाद-पानी दिया। उस दौर में मदरसों की संख्या में वृद्धि हुई, जिनमें से कई ने कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा दिया। पंजाब के शहरों, जैसे लाहौर, बहावलपुर और फैसलाबाद, में ये मदरसे तेजी से बढ़े। सऊदी अरब ने वहाबी विचारधारा को प्रचारित करने के लिए बड़े पैमाने पर धन दिया। इसने सूफीवाद और उदार इस्लाम की परंपराओं को नष्ट किया।

पंजाब में कई मस्जिदों और मदरसों ने इस विचारधारा को अपनाया। पाकिस्तान ने 1990 के दशक में कश्मीर में जिहादी समूहों को समर्थन दिया। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन, जो पंजाब में सक्रिय थे, ने कट्टरपंथ को और बढ़ाया। इन संगठनों ने पंजाब के युवाओं को भर्ती किया और उन्हें जिहादी विचारधारा से प्रभावित किया। ये दोनों संगठन भारत पर मुंबई, उरी, संसद, पठानकोट, पहलगाम वगैरह पर बार-बार कायराना हमले करवाते रहे।

दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे जनरल जिया-उल-हक के शासनकाल में पाकिस्तान में इस्लामीकरण की नीति ने कट्टरपंथ को संस्थागत रूप दिया। जिया ने इस्लाम को राज्य का आधार बनाया और कई कट्टरपंथी कानून लागू किए, जैसे ब्लासफेमी कानून। जिया के शासन में पंजाब में हजारों नए मदरसे खोले गए, जिनमें से कई ने देवबंदी और अहल-ए-हदीस



विचारधारा को बढ़ावा दिया। ये मदरसे गरीब और ग्रामीण युवाओं के लिए शिक्षा का एकमात्र स्त्रोत बन गए, जिससे कट्टरपंथ को बढ़ावा मिला। यही नहीं, स्कूली पाठ्यक्रम में जिहाद और शहादत को महिमामंडित किया गया। इससे नई पीढ़ी में कट्टरपंथी विचारों का प्रसार हुआ। एक बात माननी होगी कि पंजाब में कट्टरपंथ के बढ़ने में सामाजिक-आर्थिक कारकों का भी योगदान रहा। पंजाब के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गरीबी और बेरोजगारी ने युवाओं को कट्टरपंथी संगठनों की ओर आकर्षित किया। ये संगठन न केवल आर्थिक मदद देते थे, बल्कि एक उद्देश्य और पहचान भी प्रदान करते थे। सरकारी स्कूलों की खराब स्थिति और निजी शिक्षा की महंगाई ने गरीब परिवारों को अपने बच्चों को मदरसों में भेजने के लिए मजबूर किया।

इन मदरसों में अक्सर कट्टरपंथी शिक्षा दी जाती थी। इन तमाम वजहों के चलते सूफीवाद, जो कभी पंजाब की आत्मा था, धीरे-धीरे कमजोर पड़ गया। कट्टरपंथियों ने सूफी परंपराओं जैसे दरगाहों पर चढ़ावा और कव्वाली, को 'गैर-इस्लामी' करार दिया। इससे पाकिस्तान की सरकारों ने सूफीवाद को बढ़ावा देने के बजाय कट्टरपंथी संगठनों को समर्थन दिया, क्योंकि ये संगठन भू-राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उपयोगी थे। जाहिर है कि इन तमाम वजहों के चलते पंजाब में लश्कर-ए-तैयबा जैसा संगठन उभरा। इसी के मुरिदके में स्थित दफ्तर पर भारत ने हमला किया। ये कश्मीर और भारत के खिलाफ जिहादी गतिविधियों के लिए जाना जाता है। इसी तरह से जैश-ए-मोहम्मद स्थापित हो गया।

इसके बहावलपुर में स्थित दफ्तर को भी भारत ने तबाह कर दिया। इसी तरह से पंजाब में सिपाह-ए-सहाबा नाम का संगठन है। यह सुन्नी कट्टरपंथी संगठन शिया विरोधी हिंसा के लिए जाना जाता है और पंजाब के कई हिस्सों में सक्रिय है। इन संगठनों ने पंजाब के सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित किया और धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ाया। आज, पंजाब को कट्टरपंथ ने तबाह कर दिया है। महत्वपूर्ण है कि पंजाब में बुल्ले शाह (1680-1757), दाता गंज बख्श, और बाबा फरीद जैसे सूफी संतों ने इस्लाम को एक उदार और समावेशी रूप में फैलाया था। उनकी शिक्षाएं हिंदू, सिख और मुस्लिम समुदायों के बीच सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देती थीं। दुर्भाग्यवश कठमुल्लों के साथ-साथ सरहद पार जनरल अयूब खान से लेकर जनरल आसिफ मुनीर तक सभी के सभी घोर भारत विरोधी फौज के जनरल रहे हैं। पाकिस्तान की सेना में पंजाबियों का वर्चस्व साफ है। उसमें 80 फीसद से ज्यादा पंजाबी हैं। ये भारत से नफरत करते हैं। पाकिस्तान का पंजाब इस्लामिक कट्टरपन की प्रयोगशाला बन चुका है।

पंजाब के अलावा पाकिस्तान के बाकी भागों में भारत विरोधी माहौल इतना मुखर नहीं है। पाकिस्तानी सेना ने साल 1969-71 में अपने ही मुल्क के बंगाली भाषी लोगों पर जुल्म ढहाना शुरू किया। इस कार्रवाई को पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्च लाइट का नाम दिया। यह जुल्म ऐसा-वैसा नहीं था। लाखों लोगों की बेरहमी से हत्या, हजारों युवतियों से सरेआम बलात्कार, तरह-तरह की अमानवीय यातनाएं दी गई। पाकिस्तानी सेना के दमन में मारे जाने वालों की तादाद 30 लाख थी। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी फौजी दरिंदों ने दो लाख महिलाओं से बलात्कार किया था। कुल मिलाकर बात ये है कि भारत ने उस पंजाब के कठमुल्लों पर कड़ा हमला बोलकर एक बहुत नेक काम ही किया है। आखिर धैर्य की भी एक सीमा है। भारत ने हमेशा धैर्य का परिचय दिया है, लेकिन पाकिस्तान ने इसे कभी समझा ही नहीं है। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देना जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

सरहद पार का पंजाब भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ था। ये इस्लामिक कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। ये भारत पर लगातार हमले करते हैं। ये वही धरती है जो ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का केंद्र रही है। इधर बुल्ले शाह और बाबा फरीद जैसे संतों की समृद्ध परंपरा रही है, जिन्होंने प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। पर बीते तीस-चालीस सालों में सरहद पार का पंजाब बदल गया। राज मोहन गांधी ने अपनी किताब 'पंजाब : ए हिस्ट्री फ्रॉम औरंगजेब टू माउंटबेटन' में एक जगह लिखा है कि पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों में अपने को एक-दूसरे से बड़ा कट्टरपंथी साबित करने की होड़ रहती है। क्यों पंजाब बदलने लगा ?

## युद्ध के आयाम
हरिओम कोचर




# इनफार्मेशन वॉरफेयर : बंदूकें चुप होती हैं, नैरेटिव बोलते हैं

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया, लेकिन इसके बाद छेड़ा गया इंफॉर्मेशन वॉरफेयर यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध के आयाम बदल गए हैं। यह युद्ध अब केवल हथियारों से नहीं, बल्कि सूचनाओं, विचारों, और नैरेटिव्स से लड़ा जा रहा है। एक तरफ देश को आतंकवाद जैसी प्रत्यक्ष और भौतिक खतरों से जूझना पड़ता है, तो दूसरी ओर उसे डिजिटल माध्यमों और मनोवैज्ञानिक रणनीतियों के माध्यम से चलाए जा रहे नैरेटिव्स का भी सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में प्रतिष्ठित और भरोसेमंद माने जाने वाले मीडिया संस्थान तथ्यात्मक चूक कर बैठते हैं, तो यह नैरेटिव्स का युद्ध और अधिक पेचीदा हो जाता है। यह घटनाक्रम भारत के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि आधुनिक युद्ध की परिभाषा अब पारंपरिक सीमाओं से कहीं आगे निकल चुकी है। आज लड़ाई मैदान में नहीं, बल्कि सूचनाओं, विचारधाराओं और जनमत के निर्माण में भी लड़ी जाती है। इसलिए, यह आवश्यक हो गया है कि भारत को न केवल सैन्य रूप से बल्कि सूचना और संचार के स्तर पर भी रणनीतिक रूप से सशक्त और सतर्क रहना होगा।

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक नीति को उजागर किया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि देश अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। परंतु इस सैन्य कार्रवाई के बाद जिस प्रकार से सूचना युद्ध छेड़ा गया, उसने यह दर्शा दिया कि आधुनिक युद्ध केवल गोलियों और बमों तक सीमित नहीं रह गया है। आज युद्ध का एक और भी महत्वपूर्ण आयाम है, सूचनाओं, विचारधाराओं और देश विरोधी नैरेटिव्स का युद्ध। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, न्यूज़ चैनल, और डिजिटल मीडिया ऐसे घातक हथियार बन गए हैं जिनके माध्यम से देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। दुश्मन ताकतें झूठी खबरें, विकृत वीडियो, और गलत प्रचार के माध्यम से भ्रम फैलाने और देश के भीतर अस्थिरता उत्पन्न करने का प्रयास करती हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि भारत न केवल सैन्य रूप से बल्कि सूचना युद्ध के मोर्चे पर भी सजग और सशक्त रहे। भारत के जागरूक नागरिक, सटीक सूचना तंत्र और मज़बूत नैरेटिव ही इस नए युद्ध क्षेत्र में जीत सुनिश्चित कर सकते हैं, इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को सोशल मीडिया के माध्यम से मिली भ्रामक सूचनाओं से सजग रहना होगा। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि एक रणनीतिक चेतावनी भी है कि अब युद्ध कई स्तरों पर लड़ा जाएगा। भारत के खिलाफ छेड़े गए इंफॉर्मेशन वारफेयर में केवल विदेशी प्रचार तंत्रों की ही भूमिका नहीं रही, बल्कि दुर्भाग्यवश देश के कुछ मीडिया संस्थानों की लापरवाही ने भी इसमें ईंधन का काम किया है। पाकिस्तानी और चीनी प्रचार तंत्र लंबे समय से भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करने के प्रयास में लगे हुए हैं, परंतु जब ऐसे प्रयासों को भारतीय मीडिया की गलत रिपोर्टिंग से बल मिलता है, तो स्थिति और गंभीर हो जाती है। इससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के विरोधियों चाइना डेली और ग्लोबल टाइम्स जैसे राज्य-नियंत्रित मीडिया संगठनों को भारत के खिलाफ नैरेटिव गढ़ने का अवसर मिलता है। इस समय प्रतीत होता है कि ऐसे संगठनों की मीडिया नीति किसी दुश्मन की बंदूक से कम नहीं है, अतः जहां बंदूकें चुप होती हैं, वहां ऐसे संस्थानों द्वारा गढ़े गए नैरेटिव बोलते हैं। इस प्रकार की लापरवाही केवल पत्रकारिता की नैतिकता का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक हितों के लिए भी खतरा बन जाती है। इसलिए आवश्यक है कि मीडिया संस्थान व आम नागरिक सोशल मीडिया पर राष्ट्र के लिए अधिक जिम्मेदार भूमिका निभाएं और ऐसी संवेदनशील परिस्थितियों में तथ्य-जांच और संतुलन को प्राथमिकता दें। भारत ने इस सूचना युद्ध की चुनौती का दृढ़ता और संकल्प के साथ सामना किया है। सरकार, सशस्त्र बलों, और स्वतंत्र फैक्ट-चेकिंग संस्थाओं ने सक्रिय होकर गलत सूचनाओं का पर्दाफाश किया और वास्तविक तथ्यों को भारत सरकार की प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) के माध्यम से जनता के सामने प्रस्तुत किया है। इस चुनौती का सामना करने के लिए केवल नीतियों और संस्थाओं पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं, बल्कि नागरिकों की जागरुकता, मीडिया की जिम्मेदारी और उन्नत तकनीकी उपायों का उपयोग भी आवश्यक है। यदि भारत सत्य, विवेक, और सामूहिक एकजुटता के साथ आगे बढ़ता है, तो इस संघर्ष में विजयी होना संभव है।

(लेखक रिसर्च फैलो, कश्मीर अध्ययन केंद्र, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
## दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
## प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क दुर्घटनाओं के घायलों के लिए अच्छी योजना

केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए अर्थात उनका इलाज करने के लिए कैशलैस ट्रीटमेंट योजना को हरी झंडी दे दी है। यह योजना 5 मई 2025 से शुरू हो गई है और इसके तहत लगभग 1.5 लाख कैशलैस इलाज की व्यवस्था होगी। सरकार ने इस योजना के तहत बहुत से अस्पतालों के साथ सहमति बनाई होगी। सरकार को इस योजना के साथ ज्यादा से ज्यादा अस्पतालों को शामिल करना चाहिए और आमजन को भी चाहिए कि इन अस्पतालों की सूची अपने वाहन में जरूर रखें और इन अस्पतालों की सूची बारे ज्ञान रखें। – **प्रतीक जोशी**, रायगढ़

## करंट अफेयर


# ...जब न्यायालय ने कर्नल सोफिया की तारीफ की थी



उच्चतम न्यायालय ने 2020 में भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) देने के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी की उपलब्धियों को सराहा था, जो बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मीडिया को जानकारी देने वाली दो महिला अधिकारियों में शामिल थीं। उच्चतम न्यायालय ने 17 फरवरी, 2020 को अपने फैसले में कहा था कि सेना में 'स्टाफ असाइनमेंट' को छोड़कर सभी पदों से महिलाओं को पूरी तरह से बाहर रखे जाने का समर्थन नहीं किया जा सकता और बिना किसी औचित्य के कमांड नियुक्तियों के लिए उन पर पूरी तरह से विचार नहीं किया जाना कानून सम्मत नहीं हो सकता। सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) की अनुमति देने वाली शीर्ष अदालत ने कहा था कि महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) अधिकारियों को स्टाफ नियुक्तियों के अलावा बाकी कुछ भी हासिल करने पर पूर्ण प्रतिबंध (कोई अन्य जिम्मेदारी हासिल करने से रोकना) लगाना स्पष्ट रूप से सेना में करियर में उन्नति के साधन के रूप में स्थायी कमीशन दिए जाने के उद्देश्य को पूरा नहीं करता है। शीर्ष अदालत ने महिला अधिकारियों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों का भी उल्लेख किया और कर्नल कुरैशी की उपलब्धियों का उदाहरण दिया।

## ऑफ बीट

# वजन प्रबंधन: फाइबर शरीर का प्राकृतिक मार्गदर्शक



फाइबर स्वस्थ वजन प्रबंधन की कुंजी हो सकता है – और जब आप इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थों के रूप में खाते हैं तो प्रकृति इसे कार्ब्स के साथ पूरी तरह से संतुलित अनुपात में रखती है। असंसाधित फल, सब्जियाँ, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे और बीज की बात करें। शोध से पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट को कुल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के प्रकृति-संतुलित अनुपात में पैक किया जाता है। वास्तव में, कुछ प्रकार के फाइबर प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कार्बोहाइड्रेट को पूरी तरह से कैसे अवशोषित करता है और आपकी कोशिकाओं को बताता है कि अवशोषित होने के बाद उन्हें कैसे संसाधित करना है। फाइबर आपकी आंत में शर्करा के अवशोषण को धीमा कर देता है। यह मौलिक जीव विज्ञान को भी व्यवस्थित करता है, जिसमें हाल ही में वेगोवी और ओज़ेम्पिक जैसी ब्लॉकबस्टर वजन घटाने वाली दवाएं काम में आती हैं, लेकिन प्राकृतिक तरीके से। आपका माइक्रोबायोम फाइबर को संकेतों में परिवर्तित करता है जो आंत हार्मोन को उत्तेजित करता है जो इन दवाओं के प्राकृतिक रूप हैं। ये बदले में नियंत्रित करते हैं कि आपका पेट कितनी तेजी से खाली होता है, आपके रक्त शर्करा के स्तर को कितनी मजबूती से नियंत्रित किया जाता है और यहां तक कि आपको कितनी भूख लगती है।

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। उन्हें भारत की साहित्यिक व सांस्कृतिक आत्मा को स्वरूप देने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने अपने कार्यों के जरिये मानवतावाद पर जोर दिया और लोगों में राष्ट्रवाद की भावना जगाई।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्वाधीनता से सौदा नहीं



मेवाड़ मुकुट महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन। वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति कर्तव्यबोध के पर्याय, वीर शिरोमणि, महाराणा प्रताप ने हमें सिखाया कि मातृभूमि की स्वाधीनता से कोई सौदा नहीं किया जाता।
**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### करदाताओं की ताकत




राफेल जेट और एस-400 सिस्टम यूं ही नहीं बन जाते, वे हमारे करदाताओं की ताकत से बनते हैं। यही कारण है कि जीएसटी कभी भी "गब्बर सिंह टैक्स" नहीं था। यह टैक्स भारत को एकजुट करता है और इसकी सुरक्षा, विकास और लचीलेपन को वित्तपोषित करता है।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### ब्रांड एंबेसडर बनने पर गर्व



महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सम्मानित किए जाने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा महाराष्ट्र साइबर अपराध विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनने पर गर्व है।
**-अमिषा पटेल, अभिनेत्री**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।




# दर्शकों को पसंद आई ईशान-भूमि की जोड़ी

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर की रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा वेब सीरीज 'द रॉयल्स' गुरुवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस सीरीज के जरिए पहली बार ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर एकसाथ नजर आए हैं। एक शाही परिवार की कहानी दिखाती इस सीरीज को लेकर दर्शकों को काफी इंतजार था। ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की इस सीरीज को 'द रॉयल्स' कुछ लोग सीरीज की तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं कई लोग सीरीज से निराश हुए हैं। एक यूजर ने ट्विटर पर लिखा, द रॉयल्स एक खूबसूरत दिखने वाली, लेकिन फ्लैट कहानी है। ये अपनी क्षमता को बर्बाद कर देती है। महल-सेट, इंस्टाग्रामेबल, बिजनेस-मीट-रॉयल्टी रोमांटिक कॉमेडी बनने की कोशिश में, यह न तो आकर्षक बन पाई है और न ही ढंग की बन पाई है।

लाइफStyle

# साई पल्लवी

## डॉक्टर बनने के बाद चुनी एक्टिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई


जिस दौर में हीरोइनें यानी एक्ट्रेस बिना मेकअप के अपना चेहरा दिखाने तक से बचती हों, उस दौर में अगर कोई अभिनेत्री ऐसी हो जो न सिर्फ असल जिंदगी में बल्कि फिल्मों में भी मेकअप करने से बचती हो तो शायद इस पर यकीन कर पाना थोड़ा मुश्किल है। लेकिन, ऐसी ही एक्ट्रेस हैं साउथ की साई पल्लवी।

साई पल्लवी के बारे में ये मशहूर है कि उन्हें मेकअप करना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। साई अपनी सिम्पलीसिटी के लिए जानी जाती हैं। तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में अपने अभिनय से सबको प्रभावित करने वाली साई पल्लवी ने गुरुवार को अपना 33वां जन्मदिन मनाया। साई पल्लवी को उनकी महिला केंद्रित फिल्मों और दमदार किरदारों के लिए जाना जाता है। अपने 10 साल के कॅरियर में साई छह फिल्मफेयर (साउथ) और 2 दक्षिण भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं।

इन दिनों साई रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। जिसमें वो मां सीता के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म से साई बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। 9 मई 1992 को तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के कोटागिरी में जन्मी साई पल्लवी एक बडगा (बदगा) परिवार से आती हैं। साई पल्लवी का पूरा नाम साई पल्लवी सेंथमराई है। लेकिन, फिल्मों में वो साई पल्लवी के नाम से ही जानी जाती हैं। साई पल्लवी एक अभिनेत्री के साथ-साथ डॉक्टर भी हैं। उन्होंने जॉर्जिया के त्बिलिसी स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने 2016 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है।



हॉलीवुड मसाला



## स्टंट की दुनिया के बेताज बादशाह

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया में बहुत से फिल्म स्टार्स हैं और फिर हैं टॉम क्रूज । वो शख्स जिसने लगभग तीन दशकों में मिशन इम्पासिबल मिशनः इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी को हाई-ऑक्टेन स्टंट्स की एक मास्टरक्लास बना दिया। जब 1996 में पहली फिल्म रिलीज हुई थी, तब उसकी पहचान एक ही सांस रोक देने वाले सीन से बनी थी। क्रूज एक प्रेशर-सेंसिटिव फ्लोर के ठीक ऊपर, हवा में लटकते हुए। सन्नाटा ऐसा कि बस एक पसीने की बूंद की आवाज सुनाई दे। उस दौर में ये सीन क्रांतिकारी था। लेकिन, आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो वो सीन मानो सिर्फ वॉर्म-अप लगता हैं। क्योंकि, इसके बाद हर फिल्म के साथ क्रूज ने सिर्फ बार नहीं बढ़ाई, उसने उसे सीधे खाई में फेंक दिया। मिशनः इम्पॉसिबल 2 में वो यूटा की डेड हॉर्स पॉइंट की सीधी खड़ी चट्टानों पर बिना हार्नेस, बिना स्टंट डबल के चढ़ते दिखे।



## जेम्स फोले ने कई शानदार फिल्मों का किया निर्माण

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी निर्देशक जेम्स फोले का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से ब्रेन कैंसर से जूझ रहे थे। जेम्स फोले को 'फिफ्टी शेड्स', नेटफ्लिक्स की 'हाउस ऑफ कार्ड्स', 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' और 'द करप्टर' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था। उनका जन्म 28 दिसंबर 1953 को ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क में हुआ था। साल 1984 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म रेकलेस से फिल्म निर्माण का सफर शुरू किया। इसके बाद निर्देशक ने 'एट क्लोज रेंज' (1986) से क्रिटिक्स की प्रशंसा प्राप्त की, जिसमें सीन पेन और क्रिस्टोफर वॉकन ने अभिनय किया था। फोली ने 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' (1992), साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'फियर' (1996), और 'फिफ्टी शेड्स डार्कर' (2017) और 'फिफ्टी शेड्स फ्रीड' (2018) जैसे फिल्मों को बनाया था। निर्देशक ने टीवी में भी योगदान दिया है। उन्होंने 'हाउस ऑफ कार्ड्स', 'बिलियन्स' और 'ट्विन पीक्स' जैसी प्रशंसित सीरीज के एपिसोड का निर्देशन किया है। फोली ने मैडोना के लिए कई संगीत वीडियो का निर्देशन भी किया, जिसमें 'पापा डोंट प्रीच' और 'लिव टू टेल' शामिल हैं।



## अब हॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी कंगना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अब हॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। वह हॉरर ड्रामा 'ब्लेस्ड बी द एविल' में पहली बार मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट में कंगना के साथ टीन वुल्फ, टायलर पोसी और हॉलीवुड आइकन सिल्वेस्टर स्टेलोन की बेटी स्कारलेट रोज स्टेलोन होंगी। वैराइटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म का निर्माण इस गर्मी में न्यूयॉर्क शहर में शुरू होने वाला है। निर्माताओं ने खुलासा किया कि टीम ने जानबूझकर अमेरिकी स्थानों का चयन किया ताकि हाल ही में घोषित ट्रम्प इंडस्ट्री टैरिफ से उत्पन्न किसी भी अनिश्चितता से बचा जा सके। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग रुद्र ने किया है। जिन्होंने गाथा तिवारी लायंस मूवीज के अध्यक्ष और संस्थापक के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट भी लिखी है। 'ब्लेस्ड बी द एविल' एक साइकोलॉजिकल हॉरर है।



## छेड़ने वाले को हम छोड़ते नहीं

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी पोस्ट की है। उन्होंने इस स्टोरी में सेना के ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की है। साथ ही, इस स्टोरी की जरिए रणवीर सिंह ने उन ट्रोल्स को जवाब दिया है जो उन्हें ऑपरेशन सिंदूर को सपोर्ट करने पर ट्रोल कर रहे थे। रणवीर सिंह ने लिखा- कोई छेड़े तो हम उसे छोड़ते नहीं हैं। रणवीर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को सपोर्ट किया था जिसके बाद उनके कमेंट सेक्शन में कुछ लोगों ने उन्हें ट्रोल करते हुए कमेंट्स किए थे जिसमे से ज्यादातर कमेंट्स पाकिस्तन की तरफ से आए थे। अब रणवीर ने उन ट्रोल्स को जवाब देते हुए स्टोरी लगाई है। रणवीर ने ऑपरेशन सिंदूर के लोगो की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- 'राह चलते को हम छेड़ते नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़े तो फिर हम उसे छोड़ते नहीं।'

टीवी मसाला



## गौरव चोपड़ा 'पुष्पा इंपॉसिबल' में निभाएंगे प्रोफेसर के किरदार

**नई दिल्ली।** सोनी सब का सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' काफी समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। जल्द ही इस सीरियल में एक्टर गौरव चोपड़ा भी नजर आएंगे। सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में गौरव चोपड़ा प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का रोल करेंगे। यह एक सख्त मिजाज का प्रोफेसर है, जो कि अपनी दमदार वकालत करने की क्षमता के लिए जाना जाता था। सीरियल में इस किरदार को लीड किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) की मदद के लिए लाया गया है। कुछ पुरानी घटनाओं के कारण राजवीर का व्यवहार कड़वाहट से भरा है। वह गुस्से में रहता है और शराब पीता है, उसको दुनिया और कानून व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। लेकिन, पुष्पा जब उसके जीवन में आएगी है तो सबकुछ बदल जाएगा। अपने रोल के बारे में गौरव चोपड़ा ने भी बात की। वह कहते हैं, 'जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी तो राजवीर का किरदार काफी जटिल किस्म का लगा। इस किरदार में काफी सारी लेयर्स हैं। एक एक्टर होने के नाते मुझे ऐसे किरदार की तलाश रहती है जो चुनौतीपूर्ण हों।' सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में पुष्पा का किरदार करुणा पांडे निभाती हैं। गौरव उनके साथ काम करने के अनुभव के बारे में भी बताते हैं, 'वह पुष्पा के किरदार को नेचुरल तरीके से निभाती हैं।

## रूपाली गांगुली ने फवाद खान को जमकर लताड़ा

**नई दिल्ली।** अनुपमा अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान को जमकर लताड़ा है। अभिनेत्री ने पाकिस्तानी एक्टर को पीओके और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुए हमले और



'ऑपरेशन सिंदूर' को 'शर्मनाक हमला' कहा था। अब अभिनेत्री ने पाकिस्तानी अभिनेता की आलोचना की है। फवाद खान के बारे में एक खबर पर रिएक्शन देते हुए रूपाली गांगुली ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, 'आपका भारतीय फिल्मों में काम करना हमारे लिए भी शर्मनाक था।' अभिनेत्री की इस प्रतिक्रिया का यूजर्स ने समर्थन किया। साथ ही पाकिस्तानी एक्टर की आलोचना भी की। 'कपूर एंड संस और 'ऐ दिल है मुश्किल सहित कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुके फवाद खान ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके हमले के बाद मारे गए आतंकियों के लिए दुख जताया था। उनकी पोस्ट में लिखा था, 'इस शर्मनाक हमले में घायल और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

## 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग का नया वर्जन होगा तैयार

**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर' का अब दूसरा पार्ट भी बन रहा है। इस फिल्म में एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। हाल ही में 'बॉर्डर 2' से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में भी 'संदेशे आते हैं' गाना दर्शकों को सुनने को मिलेगा। फिल्म 'बॉर्डर' में इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौर ने गाया था। फिल्म 'बॉर्डर 2' में यह गाना सोनू निगम के साथ एक दूसरा सिंगर गाएगा। इस सिंगर की भारत में अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने जेपी दत्ता और निधि दत्ता के साथ मिलकर 'संदेशे आते हैं'



सॉन्ग के राइट्स लगभग 60 लाख रुपए में खरीद लिए हैं। इस गाने की फिल्म में बहुत ज्यादा अहमियत है। यही कारण है कि मेकर्स 'संदेशे आते हैं ' को फिल्म 'बॉर्डर 2' में इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही मेकर्स इस गाने के जरिए भारतीय सेना को सलाम भी करना चाहते हैं। फिल्म 'बॉर्डर 2' को जेपी दत्ता, भूषण कुमार, निधि दत्ता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## लगातार दूसरी बार भारत करेगा मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी

**नई दिल्ली।** भारतवासियों के लिए गर्व की बात है क्योंकि भारत लगातार दूसरी बार मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 10 मई से भारत के हैदराबाद में शुरू होगी। पिछले साल यानी 2024 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन मुंबई में हुआ था। लगातार दो संस्करणों का आयोजन करने के साथ ही 1951 में इसकी स्थापना के बाद से लगातार सालों में वैश्विक आयोजन की मेजबानी करने वाला इंडिया यूके के बाद दूसरा देश बन गया है।



### 10 से 31 मई तक होगा आयोजन

इस बार 10 मई को हैदराबाद के गाचीबोवली के इनडोर स्टेडियम में एक भव्य समारोह के साथ मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की शुरूआत होगी। जिसका समापन 31 मई को हाइटेक्स प्रदर्शनी केंद्र में होगा। तेलंगाना सरकार मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की तैयारियों में जुटी हुई है।

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दाश M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### यूनियन बैंक के लाभ में 50 फीसदी का इजाफा

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 50 प्रतिशत बढ़कर 4,985 करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 3,311 करोड़ रुपये रहा था। 2024-25 की मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 33,254 करोड़ रुपये हो गई।

### टाइटन का लाभ 13 फीसदी बढ़कर 871 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी टाइटन कंपनी का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 871 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में 771 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कुल आय बढ़कर 14,049 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 11,472 करोड़ रुपये थी।

### जी एंटरटेनमेंट का शुद्ध लाभ कई गुना बढ़ा




**नई दिल्ली।** ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में कई गुना वृद्धि के साथ 188.4 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बताया कि मुनाफे में यह वृद्धि प्रभावी लागत प्रबंधन के कारण हुई है। एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13.4 करोड़ रुपये था।

### चीन का निर्यात अप्रैल में 8.1 प्रतिशत बढ़ा



**बीजिंग।** चीन का निर्यात अप्रैल महीने में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़ा जो अर्थशास्त्रियों की अपेक्षा से कहीं अधिक है। अमेरिका के उच्च शुल्क से बचने के लिए कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच सामान बेचने की होड़ इसकी मुख्य वजह रही। अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर 145 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

### हैदराबाद का 'कराची बेकरी' 100 प्रतिशत भारतीय ब्रांड



**हैदराबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच मशहूर बेकरी श्रृंखला 'कराची बेकरी' का नाम बदलने से प्रवर्तकों ने इनकार करते हुए कहा कि यह '100 प्रतिशत भारतीय ब्रांड' है। 'कराची बेकरी' ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'हमें गर्व है कि हम भारतीय हैं।' 'कराची बेकरी 100 प्रतिशत भारतीय ब्रांड है, जिसकी स्थापना 1953 में भारत के हैदराबाद में हुई थी।

### डाबर इंडिया का शुद्ध लाभ घटकर 313 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया का जनवरी-मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 312.73 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने जनवरी-मार्च, 2024 में 341.22 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी कुल आय बढ़कर 2,971.29 करोड़ रुपये और व्यय बढ़कर 2,559.39 करोड़ रुपये रहा। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ घटकर 1,740.42 करोड़ रुपये रह गया।

# यात्रा बुकिंग मंचों ने तुर्किये और अजरबैजान के विकल्प हटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- 'गैर जरूरी' सफर से बचने की दी सलाह

पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच विभिन्न ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंचों ने शुक्रवार को पाकिस्तान को 'समर्थन' देने वाले देशों तुर्किये और अजरबैजान के यात्रा विकल्प निलंबित कर दिए हैं।

विभिन्न मंचों ने यह घोषणा करते हुए ग्राहकों को इन गंतव्यों की 'गैर-जरूरी' यात्रा से बचने की सलाह दी, जबकि भारतीय यात्रियों से संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले 'अत्यधिक सावधानी' बरतने का आग्रह किया। कॉक्स एंड किंग्स ने कहा कि उसने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी नए यात्रा विकल्पों को अस्थायी रूप से हटाने का फैसला किया है।

### यात्रा से पहले अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह

#### तुर्किये व अजर ने पाक के लिए दिखाया समर्थन

चूंकि तुर्किये और अज़रबैजान ने पाकिस्तान के लिए समर्थन दिखाया है, इसलिए हम दृढ़ता से सलाह देते हैं कि केवल तभी जाएं जब बहुत ज़रूरी हो।" ट्रैवोमिंट ने कहा कि कंपनी ने भारतीयों द्वारा तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के आह्वान का समर्थन करते हुए इन दोनों देशों के लिए सभी यात्रा पैकेजों की बिक्री निलंबित कर दी है।




#### ट्रैवोमिंट ने यात्रा पैकेज किए निलंबित

ट्रैवोमिंट के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आलोक के सिंह ने बयान में कहा, "पाकिस्तान और तुर्किये तथा अजरबैजान जैसे देशों के साथ बढ़ते तनाव के बीच हमने तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के भारतीयों के आह्वान का समर्थन करने का फैसला किया है। ट्रैवोमिंट ने तत्काल प्रभाव से इन देशों के लिए सभी यात्रा पैकेजों की बिक्री निलंबित कर दी है।"

#### सभी नए विकल्प भी स्थगित

कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने कहा, हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए हमने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी नए यात्रा विकल्पों को स्थगित करने का फैसला किया है। यह निर्णय हमारे और हमारे देश के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

*ईजमाईट्रिप ने कहा, विवेक का प्रयोग करे : हम भारतीय यात्रियों को सलाह देते हैं कि वे विवेक का प्रयोग करें और व्यापक भू-राजनीतिक वातावरण में अधिक स्पष्टता और संरेखण होने तक इन गंतव्यों की किसी भी गैर-जरूरी यात्रा से बचें।*

## भारत की सबसे बड़ी तेल कंपनी आईओसी ने कहा

# घबराहट में ईंधन खरीदारी की जरूरत नहीं तेल कंपनियों ने जनता को दिया भरोसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा घबराहट में इनकी अत्यधिक खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है।

सोशल मीडिया पर उन खबरों एवं वीडियो के आने के बाद जारी किया गया जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए लोगों की कतारें लग गई हैं।

### इंडियन ऑइल के पास पर्याप्त भंडार

आईओसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी, " इंडियन ऑयल के पास देश भर में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और हमारी सभी आपूर्ति लाइन सुचारू रूप से काम कर रही हैं। घबराहट में खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे सभी 'आउटलेट' पर ईंधन और एलपीजी उपलब्ध हैं।" विशेष तौर पर पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों में लोगों ने घबराहट में खरीदारी शुरू कर दी थी।




- देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की पर्याप्त मात्रा
- सोशल मीडिया पर ईंधन भरवाने पेट्रोल पंप पर लाइन लगने की बात कही गई
- आईओसी ने कहा, हमारे सभी आउटलेट पर ईंधन उपलब्ध

### पेट्रोल पंप में अनावश्यक भीड़ लगाने से बचे

आईओसी ने कहा, " शांत रहकर और अनावश्यक भीड़ लगाने से बचते हुए हमें आपकी बेहतर सेवा करने में मदद करें। इससे हमारी आपूर्ति लाइन निर्बाध रूप से चलती रहेंगी और सभी के लिए निर्बाध ईंधन पहुंच सुनिश्चित होगी।"

### घबराहट में लोगों ने ईंधन की खरीदी शुरू की

पाकिस्तान की सेना ने आठ-नौ मई की रात को ड्रोन तथा अन्य हथियारों का इस्तेमाल करते हुए पूरे पश्चिमी सीमा क्षेत्र में कई हमले किए, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर तथा पंजाब के कई शहरों में ब्लैकआउट कर दिया गया। भारतीय सेना ने कहा कि हमलों को " प्रभावी ढंग से विफल " कर दिया गया है। इससे लोगों में तनाव बढ़ा और घबराहट में लोगों ने ईंधन की खरीदारी शुरू कर दी।

### ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम

उपभोक्ताओं की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। चिंता या घबराहट में खरीदारी करने की कोई वजह नहीं है। हमारी आपूर्ति श्रृंखला संचालन मजबूत व कुशल बना हुआ है, जो निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करता है। हम सभी ग्राहकों से संयम रखने का आग्रह करते हैं...।"

### बीपीसीएल ने भी दिया आश्वासन

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने बयान में आश्वासन दिया कि उसके विशाल राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी उपलब्ध हैं। कंपनी ने बयान में कहा, " समूचे देश में बीपीसीएल के सभी ईंधन स्टेशन और एलपीजी वितरक सुचारू रूप से काम कर रहे हैं।

### भारत ने हमला किया विफल

गौरतलब है कि भारत ने बृहस्पतिवार रात जम्मू और पठानकोट सहित सैन्य स्थलों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल कर दिया। इससे पहले भारत ने देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 15 स्थानों पर इसी तरह की कोशिशों को नाकाम किया था।

# एटीएम में पर्याप्त नकदी मौजूद एसबीआई, पीएनबी व अन्य बैंक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक समेत कई अन्य बैंकों ने शुक्रवार को कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं, उनमें पर्याप्त नकदी है और डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

- डिजिटल सेवाएं सुचारू ढंग से चालू
- किसी भी सूचना पर भरोसा न करने की सलाह भी दी

सोशल मीडिया पर आई उन खबरों की पृष्ठभूमि में यह बयान जारी किया गया जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच आने वाले दिन में एटीएम बंद हो सकते हैं। बैंकों ने यह भी कहा कि उनकी सभी डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।




### बंद की अफवाह झूठी है

बैंक ने कहा,"इंडियन ओवरसीज बैंक जनता को आश्वस्त करता है कि हमारे सभी एटीएम पूरी तरह से चालू हैं। एटीएम बंद होने की अफवाह झूठी और निराधार है। किसी भी अन्य जानकारी के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक ने अपने ग्राहकों से 1800 425 4445 और 1800 890 4445 पर ग्राहक सेवा से संपर्क करने की अपील की है।

### पीएनबी ने एक्स पर की पोस्ट

पंजाब नेशनल बैंक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "हमारी सभी डिजिटल सेवाएं भी सुचारू रूप से चल रही हैं, जिससे आपको घर बैठे सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित हो रहा है।"

**OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER
PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR
CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 326 दिनांक 08.01.2025 एवं 328 दिनांक 08.01.2025 को अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

पूर्व जी.नं.- 242505274

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G-252600743/12

# उपग्रह संचार सेवाओं पर 4 फीसदी शुल्क लगाने की सिफारिश

- शहरी क्षेत्रों में सेवा प्रदाताओं को 500 रुपए प्रति ग्राहक अतिरिक्त शुल्क लगेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- ग्रामीण क्षेत्रों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा
- वार्षिक राजस्व का चार फीसदी शुल्क लगाया जाए

दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी उपग्रह संचार सेवा प्रदाता कंपनियों पर वार्षिक राजस्व का चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क लगाने की सिफारिश की। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार विभाग को दी गई अपनी अनुशंसा में कहा कि शहरी क्षेत्रों में सेवाएं देने वाले सेवा प्रदाताओं को प्रति ग्राहक 500 रुपये अतिरिक्त शुल्क देना होगा। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाओं के लिए इन कंपनियों को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। ट्राई ने सिफारिश की है कि उपग्रह ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम पांच साल के लिए आवंटित किया जाए, जिसे बाद में दो साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) का चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क भू-स्थैतिक कक्षा (जीएसओ) और गैर-भूस्थैतिक कक्षा (एनजीएसओ) में स्थित उपग्रहों के जरिये सेवाएं देने वाली दोनों तरह की उपग्रह संचार कंपनियों को देना होगा। न्यूनतम वार्षिक स्पेक्ट्रम शुल्क 3,500 रुपये प्रति मेगाहट्र्ज होगा। ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने सिफारिशें जारी करते हुए कहा कि उपग्रह संचार सेवाएं उन वंचित क्षेत्रों में संपर्क स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, जहां दूरसंचार नेटवर्क उपलब्ध नहीं हैं। इन सेवाओं की आपदाओं, बचाव और राहत कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



### स्टारलिंक को दो दिन पहले मिली अनुमति

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अपनी ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा स्टारलिंक को दो दिन पहले ही सेवा शुरू करने के लिए आशय पत्र (एलओआई) दिया गया था। अब कंपनी को भारत में सेवाएं शुरू करने से पहले लाइसेंस हासिल करना होगा।

### यस बैंक में 13 फीसदी हिस्सेदारी सुमितोमो को बेचेगा एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने निजी क्षेत्र के यस बैंक में 13.19 प्रतिशत हिस्सेदारी जापान की कंपनी सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) को 8,889 करोड़ रुपये में बेचने की मंजूरी दे दी है। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति (ईसीसीबी) ने यस बैंक के 413.44 करोड़ शेयर यानी 13.19 प्रतिशत इक्विटी के बराबर हिस्सेदारी 8,888.97 करोड़ रुपये में बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया कि यह इक्विटी बिक्री 21.50 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर प्रस्तावित है।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
**OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL)** Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail : ceciviltrans.raipur@cspc.co.in
Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in

**No.-04-01/Trans./Works/458 Raipur, dtd: 06.05.2025**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-
**1. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/10, Rfx No.- 8100042544,** Construction of platform for circuit breaker at 33 KV side at 220/132/33 KV Siltara.; **NIT Value:-** Rs. 7.53 Lakhs **& EMD:-** Rs 7,600/-, **Completion Period:-** 02 Months. **2. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/11, Rfx No.- 8100042710,** Construction of boundary wall (2.4 M height) in place of damaged wall at Bijalee Nagar Colony Bhilai.; **NIT Value:-** Rs. 38.09 Lakhs **& EMD:-** Rs 38,100/-, **Completion Period:-** 03 Months. **3. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/12, Rfx No.- 8100042765,** Providing services of 01 Computer Operator (High Skilled Labour) and 02 Semi-Skilled Labour through outsourcing for one year for the office of the E.E. (Civil) Dn. CSPTCL jagdalpur.; **NIT Value:-** Rs. 6.40 Lakhs **& EMD:-** Rs 6,400/-, **Completion Period:-** 12 Months. **4. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/13, Rfx No.- 8100043018,** Installation of an additional 63 MVA, 132/33 KV Power Transformer (3rd Unit) at 132/33 KV S/s Kondagaon under S/s Dn. CSPTCL Jagdalpur.; **NIT Value:-** Rs. 26.00 Lakhs **& EMD:-** Rs 26,000/-, **Completion Period:-** 03 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 03 is Rs.2000/- (i/c GST)**, **Sl. No.- 02, 04 is Rs.5000/- (i/c GST)** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 28.05.2025 for Sl. No.- 01, 02; dt. 29.05.2025 for Sl. No.- 03; dt. 30.05.2025 for Sl. No.- 04.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.

**(Sanjay Tiwari)
Chief Engineer (Civil)
CSPTCL, Raipur**

**//Save Electricity//**

## बिजनेस साइट

# जैन चुस्की चाय के लकी ड्रा में आर एस ट्रेडर्स के उपभोक्ता ने जीती ऑल्टो कार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ समेत मध्य भारत में लोकप्रिय चाय ब्रांड जैन चुस्की चाय द्वारा शुरू किए गए आकर्षक लकी ड्रा ऑफर का समापन भव्य समारोह के साथ किया गया। इस योजना में प्रथम पुरस्कार के रूप में एक शानदार ऑल्टो कार समेत लाखों के उपहार उपभोक्ताओं को प्रदान किए गए। करीब आठ महीने पूर्व शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को 300 रु. तक की जैन चुस्की चाय की खरीद पर एक कूपन मुफ्त दिया गया था। यह योजना रिटेलर्स, होलसेलर्स और आम उपभोक्ताओं के लिए समान रूप से लागू थी। लकी ड्रा का आयोजन रायपुर स्थित सालासर बालाजी मंदिर परिसर में किया गया, जहां जैन ट्रेडर्स की टीम, डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, मीडिया प्रतिनिधियों और सम्माननीय ग्राहकों की उपस्थिति में एक रंगारंग कार्यक्रम के बीच विजेताओं का चयन किया गया। कार्यक्रम में पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए सभी विजेताओं के नाम कूपन के माध्यम से सार्वजनिक किए गए। लकी ड्रा में प्रथम पुरस्कार के रूप में रायपुर के गुढ़ियारी स्थित आर. एस. ट्रेडर्स के उपभोक्ता सोनू अग्रवाल को ऑल्टो कार की चाबी सौंपी गई। इसके अलावा अन्य उपभोक्ताओं को दो एक्टिवा स्कूटी, दस वाशिंग मशीनें, पचास उपभोक्ताओं को सौ-सौ ग्राम चांदी के सिक्के और सौ उपभोक्ताओं को पचास-पचास ग्राम चांदी के सिक्के प्रदान किए गए। इस मौके पर जैन ट्रेडर्स के संचालक यशवंत जैन ने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए भविष्य में ऐसे लाभकारी योजनाएं लाई जाती रहेंगी।




### आईटी क्षेत्र में नियुक्तियों में अप्रैल में 16% की वृद्धि

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नियुक्तियों में अप्रैल में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कृत्रिम मेधा (एआई) अपनाने, क्लाउड आधुनिकीकरण और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के निरंतर विस्तार जैसे कारकों से प्रेरित रही।

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (ISO 9001:2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur(C.G.)-492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg. No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address.csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (1st Call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

NIT No. 04/CSIDC/E.E./Division-IV/2025-26/ Raipur, Dated 09/05/2025

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender for the following works:-

| Name of work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Probable Amount of Contract (PAC) (INR Crore) | Last Date for Submission of tender |
|---|---|---|---|
| Infrastructure Development Works Including Roads, Drainage, Culverts, Water Supply System, Parking Area Development, Construction of Admin Block, Commercial Cum office Complex, Staff Quarter, Public Toilet, Boundary Wall, External electrification works etc. for Proposed Smart Industrial Park at Village- Bijetala, District-Rajnandgaon (C.G.) | Class-A | 106.00 | 29/05/2025 |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of work and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 09/05/2025 Time 17:00 Hrs. and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE:- The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited., they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@ogswan.gov.in.

**Executive Engineer
Division-IV**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG**

**Short e-Procurement Re-Tender Notice**
**Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-03/2025-26**
**Letter no - 434 Date:- 09.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of 1.2 KM road from Padma Railway Station to Saraiyapar river Via Garukurha, Vill - Padma, Block- padma |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | **Rs.- 2,49,90,900.00** |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 15.05.2025 at 3:00 P.M **(e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in)** |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 22.05.2025 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 22.05.2025 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 24.05.2025 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.
3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/ Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in

PR 352096 Minor Irrigation (25-26)_D

**Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Hazaribag**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002**

**Invitation of Proposal (e-procurement Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-5/2025-26 (4th Call)
NATIONAL COMPETITIVE BIDDING
e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/5/2025-26 Date:-05.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **Name Of Work** | Consultancy Services for the Preparation of comprehensive plan for development /improvement of Road Network of Roads / Flyovers / Ring-Roads / ROB's / Bypass etc., under the State of Jharkhand. |
| 2 | **Tentative Area** | For entire State of Jharkhand - ( Area - Approx 80,000 $Km^2$ ) |
| 3 | **Period of Completion of Work** | 180 Days |
| 4 | **Cost of Tender documents** | Cost of Tender Document Rs 10,000/- (Ten Thousand only) Earnest Money Deposit Rs- 5,00,000/- (Rupees Five Lakhs only) **As per the Departmental Letter no.- 4652(S) dated06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through eprocurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no 120 dated 03.10.2023.** |
| 5 | **Mode of Bid Submission** | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | **Date/Time of Publicationof Tender on Website** | 13.05.2025,17:00 PM |
| 7 | **Last Date/Time of Submission of Bid** | 03.06.2025 12:00 Noon |
| 8 | **Date and Time of Bid opening** | 04.06.2025 12:30 PM |
| 9 | **Bid validity** | 120 days |
| 10 | **Designation and Contact no. of Tender inviting Officer** | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |
| 11 | **Advt. no.** | PR 333555(Road) 24-25 (D) |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

**Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi**

PR 352050 Road (25-26)_D

# 'आपरेशन सिंदूर': चोपड़ा, रोहित, कोहली ने भारतीय सशस्त्र बलों को किया सलाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें 'भारत की आत्मा' करार दिया।

भारत ने जम्मू और पठानकोट सहित अपने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को गुरुवार रात को तुरंत विफल कर दिया था। रोहित ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ''हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं।''



### हम सशस्त्र बलों के साथ एकजूटता से खड़े

कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, ''हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सैल्यूट करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी तथा उनके और उनके परिवारों द्वारा हमारे महान राष्ट्र के लिए किए गए बलिदानों के लिए तहेदिल से आभारी हैं।''

### हमारी सेना उचित जवाब देगी: सहवाग

पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मौजूदा हालात के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। सहवाग ने एक्स पर पोस्ट किया, ''पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प तब चुना है जब उनके पास चुप रहने का मौका था। वे अपनी आतंकवादी संपत्तियों को बचाने के लिए आगे बढ़े हैं, उनके बारे में इतना कुछ बोलते हैं। हमारी सेनाएं सबसे उचित तरीके से जवाब देंगी, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।''



### भारत मजबूत है: धवन

सहवाग के पूर्व भारतीय साथी शिखर धवन ने भी भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। धवन ने ट्वीट किया, ''हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और जम्मू पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर दिलों को सम्मान। भारत मजबूत है। जय हिंद।''

### सेना की बहादुरी के लिए आभारी हूं: बुमराह

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया। बुमराह ने लिखा, ''हमारे सशस्त्र बलों का उनके साहस और बहादुरी के लिए आभारी हूं। हम उन्हें सैल्यूट करते हैं और हमें सुरक्षित रखने के लिए वे जो कुछ भी करते हैं उसके लिए हम हमेशा उनके ऋणी रहेंगे।''




### आइए हम अपनी भूमिका निभाएं : चोपड़ा

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ''हमें अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के लिए लड़ रहे हैं। आइए अपनी भूमिका निभाएं और इस दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें।

### भारत आपके साथ खड़ा है : सिंधू

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधू ने पोस्ट किया, ''भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए - आपका साहस, अनुशासन और बलिदान हमारे राष्ट्र की आत्मा हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे क्षणों में, हमें उस मौन शक्ति और निस्वार्थ सेवा की याद आती है जो हमारे तिरंगे को ऊंचा रखती है। भारत आपके साथ खड़ा है। जय हिंद। ''



### हमें अपनी सेना पर गर्व



सूर्यकुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, ''हमें अपनी सेनाओं पर बहुत गर्व है। आपके कारण ही हम अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं। सीमाओं पर हमारी रक्षा करने में आपकी ताकत और दृढ़ संकल्प को सैल्यूट। हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। जय हिंद।''

### हमारी प्रार्थनाएं सैनिकों के साथ



विश्व कप विजेता पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने कहा, ''हमारे दिल और प्रार्थनाएं सीमा पर खड़े हमारे सैनिकों के साथ हैं। अब समय आ गया है कि हम एकता और विश्वास के साथ उनके पीछे खड़े हों। हमारे बहादुर हमारी भूमि की रक्षा करें और दुनिया को दिखाएं कि भारत वास्तव में किसके लिए है। जय हिंद इसे हमारे लिए जीतें।''

### हम सशस्त्र बलों के पीछे खड़े है: पार्थिव

पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा, ''आइए हम सभी अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों के पीछे खड़े हों क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा करते हैं। हम हमेशा आपके साथ हैं।

## खबर संक्षेप



### दीक्षा और प्रणवी ने की अच्छी शुरूआत

**सोल।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने यहां बारिश से प्रभावित अरामको कोरिया चैंपियनशिप के पहले दिन एक ओवर 73 के कार्ड से अच्छी शुरूआत की। दीक्षा जब तक नौवें होल तक पहुंची, वह शीर्ष 10 पर चल रही थीं। पर वह इसमें बोगी कर बैठीं और एक ओवर से संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गईं। प्रणवी ने अपने 73 के कार्ड के दौरान महज एक बर्डी लगाई और दो बोगी कर बैठीं जिससे वह भी संयुक्त 19वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### क्रिकेट आस्ट्रेलिया की नजर भारत-पाक की स्थिति पर

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर 'करीबी नजर' रखे हुए है, क्योंकि 20 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और कोच मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आईपीएल पर गुरुवार को उस समय अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे जब आसपास के शहरों में हवाई हमले की संभावना के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच बीच में ही रद्द करना पड़ा।

## टीम ने तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में किया प्रवेश

# कम्पाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में, दीपिका और सालुंखे पहुंचे सेमीफाइनल में

- मधुरा और अभिषेक ब्रिटेन के एला व स्कॉट से हारकर बाहर
- धामनगांवकर और अभिषेक कांस्य के लिए मलेशिया से खेलेंगे
- शूट ऑफ में सालुंखे ने गागोज को 6-5 से हराकर सेफा में जगह बनाई

**शंघाई।** भारतीय कम्पाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया जबकि दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे ने क्रमशः महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में जगह बनाई।

मधुरा धामनगांवकर और अभिषेक वर्मा कम्पाउंड मिश्रित टीम सेमीफाइनल में ब्रिटेन के एला गिब्सन और अजय स्कॉट से 156-158 से हार गए। अब धामनगांवकर और अभिषेक शनिवार को कांस्य पदक मैच में मलेशिया का सामना करेंगे।



### दीपिका अंतिम चार में कोरिया की लिम से भिड़ेगी

दीपिका क्वार्टर फाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से मात दी और अब अंतिम चार में दक्षिण कोरिया की लिम सिहियोन से भिड़ेंगी। सिहियोन ने प्रीक्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अंकिता भक्त को हराया था।

### सालुंखे ने पहले दौर में किया उलटफेर

वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अतनु दास को मात दी।



### सालुंखे राउंड 32 में जापान से हार गई

सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया। महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया।

### मिश्रित में दीपिका व धीरज स्पेन से हार गए

रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में दीपिका और धीरज बोम्मादेवरा दूसरे दौर में स्पेन के एलिया कैनालेस और एंड्रेस टेमिनो मेडिएल से 1-5 से हार गए। भारत शनिवार को कंपाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच के अलावा दो स्वर्ण पदक मुकाबले खेलेगा।

### कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी

मधुरा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी जबकि अभिषेक वर्मा, ऋषभ यादव और ओजस प्रवीण देवताले की कंपाउंड पुरुष टीम का भी सामना मैक्सिको से होगा।

## क्रिकेट

# बिना अफरा-तफरी के 25,000 लोगों को स्टेडियम से निकाला गया: धूमल

- आईपीएल चेयरमैन धूमल ने कहा, मैच तुरंत रोकना कठिन था
- 'फ्लडलाइट्स' को मंद कर लोगों को स्टेडियम से बाहर निकाला गया



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चेयरमैन अरुण धूमल को पहली बार मैच के दौरान 'स्ट्रेटजिक टाइमआउट' के दौरान अहसास हुआ कि धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच जारी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को तुरंत रोकना पड़ेगा। हवाई हमले के सायरन दो पड़ोसी शहरों में बज चुके थे जिनमें से एक 100 किमी से भी कम दूरी पर था। इस दौरान सुरक्षा चिंताओं से अनजान 25,000 प्रशंसक स्टेडियम में मौजूद थे। क्रिकेट प्रशासक के रूप में अपने 'सबसे चुनौतीपूर्ण दिनों' में से एक पर धूमल को इन 25,000 लोगों की सही तरीके से निकासी की देखरेख करनी थी और यह सुनिश्चित करना था कि परिस्थितियों में बदलाव का असर खिलाड़ियों पर ना पड़े। पठानकोट (धर्मशाला से 85 किमी) और जम्मू (लगभग 200 किलोमीटर) पर पाकिस्तान की ओर से ड्रोन हमला होने के बाद 'फ्लडलाइट्स' को मंद कर दिया गया और कुछ समय के बद उसे पूरी तरह से बंद कर 'ब्लैकआउट प्रोटोकॉल' लागू किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को यह बताने के लिए घोषणा की गई कि तकनीकी कारण से 'फ्लडलाइट बंद कर दी गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां मौजूद प्रशंसकों में भगदड़ ना मचे।

## प्रधानमंत्री शरीफ की सलाह पर पीएसएल स्थगित : पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इससे कुछ घंटे पहले ही घोषणा की गई थी कि भारत के साथ चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण टी20 टूर्नामेंट को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थानांतरित कर दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर बढ़े तनाव के कारण भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे मैचों को भी स्थगित कर दिया है। पीसीबी ने एक बयान में कहा, ''स्थगित करने का फैसला प्रधानमंत्री मियां मुहम्मद शाहबाज शरीफ से मिली सलाह के अनुसार लिया गया है। राष्ट्रीय भावनाएं पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के साहसी प्रयासों पर केंद्रित हैं जो पाकिस्तान की संप्रभुता को मुखरता से कायम रख रहे हैं। ''

## तीन गेम के कड़े मुकाबले में प्रतिस्पर्धी को हराया

# उन्नति, आयुष ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| ताइपे

- उन्नति ने जापान की हुंग को दी शिकस्त

युवा भारतीय शटलर आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां तीन गेम के कड़े मुकाबले में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सत्रह साल की उन्नति ने 52 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी हुंग यी टिंग को महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में 21-8 19-21 21-19 से शिकस्त दी। ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबू धाबी मास्टर्स 2023 की चैंपियन के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी की चुनौती होगी। जापान की इस खिलाड़ी ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ताइपे की सियांग लिन को 17-21, 21-8, 21-17 से हराया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष को भी अंतिम आठ की बाधा पार करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।



### आयुष ने कनाडा के ब्रायन यांग को दी मात

पिछले दौर में अनुभवी किदांबी श्रीकांत को हराने वाले आयुष ने कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग 16-21 21-19 21-14 से मात दी। टूर्नामेंट के शुरूआती दौर में ऑल इंग्लैंड के उपविजेता ली चिया हाओं को हराकर उलटफेर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी के सामने अब शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोऊ टीएन चेन और इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदुल्लाह के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी।

## अल्काराज ने चोट से वापसी पर लाजोविच को हराया

एजेंसी ▶▶| रोम



कार्लोस अल्काराज ने चोट से वापसी करते हुए इटालियन ओपन टेनिस में शुक्रवार को यहां सर्बिया के क्वालिफायर डुसन लाजोविच पर 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज अल्काराज ने पिछले महीने मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। इससे पहले बार्सीलोना ओपन के फाइनल के दौरान उनके दाहिने पैर में चोट लग गई थी। उनके बाएं पैर भी चोटिल था। चार ग्रैंड स्लैम विजेता का इस साल क्ले कोर्ट पर उनकी यह 11 मैचों में 10वीं जीत थीं। मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन अल्काराज को अब 31वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स मिशेलसन या लास्लो जेरे ये भिड़ना होगा। इटालियन ओपन से शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिस सिनर की वापसी हो रही है जो डोपिंग से जुड़े प्रतिबंध के कारण तीन महीने तक खेल से दूर थे।

## भुल्लर, चौरसिया जापान में कट में जगह बनाने में सफल

**टोक्यो।** गगनजीत भुल्लर और एसएसपी चौरसिया इंटरनेशनल सीरीज जापान गोल्फ में शुक्रवार को यहां कट में जगह बनाने में सफल रहे जबकि पांच अन्य अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने निराश किया। एशियाई टूर पर 11 बार के विजेता भुल्लर ने दूसरे दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान चार बर्डी के मुकाबले दो बोगी लगाये। उन्होंने बृहस्पतिवार को पार 71 का कार्ड खेला था। वह कुल दो अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर है।

**SBI भारतीय स्टेट बैंक** तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा (सार्ब) (10009)
ब्लॉक बी-1, पुजारी चेंबर, पचपेड़ी नाका, रायपुर, फोन- 0771-4919730, 8878888925, 8817876067

**नियम 8(1) कब्जा संबंधी नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) सह पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दिनांक **13.08.2024** को **मृतक ऋणी स्वर्गीय श्री देवव्रत सिंह पिता श्री रवीन्द्र बहादुर सिंह के कानूनी उत्तराधिकारीयों (i) श्रीमती विभा देवी सिंह** पति स्वर्गीय श्री देवव्रत सिंह **(ii) कु. सताक्षी सिंह** पिता स्वर्गीय श्री देवव्रत सिंह **(iii) आर्यव्रत सिंह** पिता स्वर्गीय श्री देवव्रत सिंह को **मांग सूचना पत्र** जारी किये गए एवं उपरोक्त **माँग सूचना पत्र में दर्शायी राशि** दिनांक 13.08.2024 को **रु. 23,69,643/- (रुपये तेईस लाख उनसठ हजार छह सौ तैंतालीस मात्र)** एवं दिनांक 14.08.2024 से देय ब्याज उक्त माँग सूचना पत्र की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए कहा गया।

लेकिन मृतक ऋणी स्वर्गीय श्री देवव्रत सिंह के कानूनी उत्तराधिकारीयों द्वारा माँग सूचना पत्र मे दर्शायी गई ऋण राशि को निर्धारित समयावधि में अदा नहीं किए जाने के कारण, मृतक ऋणी के कानूनी उत्तराधिकारीयों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सहपठित उक्त नियमों के नियम संख्या 8 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक **06 मई 2025** को ले लिया है।

मृतक ऋणी के कानूनी उत्तराधिकारीयों विशेष तौर पर और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और इन संपत्ति के बाबत किए गये ऐसे कोई भी व्यवहार भारतीय स्टेट बैंक को उक्त देय राशि दिनांक 13.08.2024 को रु. 23,69,643/- (रुपये तेईस लाख उनसठ हजार छह सौ तैंतालीस मात्र) एवं दिनांक 14.08.2024 से उस पर देय ब्याज एवं खर्चे इत्यादि (मांग नोटिस दिनांक के बाद जमा की गई राशि, यदि कोई हो, को समायोजित करके) के लिए भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अधीन होगा।

***मृतक ऋणी के कानूनी उत्तराधिकारीयों का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचन (redeem) कराने के संबंध में उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।***

**अचल संपत्ति का विवरण**

**संपत्ति का स्वामित्व: स्वर्गीय श्री देवव्रत सिंह पिता श्री रविन्द्र बहादुर सिंह।** संपत्ति का समस्त भू-भाग, भूमि एवं भवन स्थित प्लॉट नंबर 455/65, ब्लॉक नंबर 6, गोलबाजार, खैरागढ़, तहसील- खैरागढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.), क्षेत्रफल- 6000 वर्गफीट (नजूल)। सीमाएं: उत्तर: सुधीर अग्रवाल की संपत्ति, दक्षिण: नीरज मोबाइल शॉप, पूर्व : आर्यव्रत सिंह की संपत्ति/दुकान, पश्चिम : साइड रोड

**यह सूचना अंग्रेजी भाषा में भी प्रकाशित की जा रही है। व्याख्या के किसी भी मामले में अंग्रेजी संस्करण अंतिम होगा।**

दिनांक: 06.05.2025, स्थान- रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, सार्ब रायपुर

**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा - संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स श्री बाबा बैदनाथ इस्पात प्राईवेट लिमिटेड (यूनिट -2), ग्राम- गैतरा, तहसील- खरोरा, जिला- रायपुर (छ.ग.) द्वारा प्रस्तावित Iron Ore Beneficiation Plant (1x0.7MTPA) - 7,00,000 TPA, Pellet Plant (1x0.6 MTPA) - 6,00,000 TPA, Gasifier (Producer Gas) - 3x 6500 $Nm^3$/hour, DRI Kilns (3x 350 TPD) - 3,46,500 TPA, WHRB Powr through DRI Kilns (3x 8.75 MW) - 26.25 MW and CFBC / AFBC Based Power Plant of (2x 25 MW) - 50MW, SMS Induction Furnace (8 x 20 T) with 6/11 CCM-3 Strand x 2 Nos (Hot Billets / Ingots/ Billets) - 5,13,920 TPA, Rolling Mill (2x0.25 MTPA) – 5,00,000 TPA (Rolled Products) through Hot Charging के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् **लोक सुनवाई दिनांक 12/06/2025 को प्रातः 11:00 बजे से स्थल- खसरा क्रमांक 69, शासकीय खुला भूखण्ड, ग्राम सोनतरा, तहसील खरोरा, जिला - रायपुर (छ.ग.) में नियत की गई है**। यह भी सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेण्डम F.No. 22-25/2020-IA.III दिनांक 14.09.2020 तथा कोरोना वाईरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 14 सितम्बर, 2006 (यथा- संशोधित) के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (साफ्ट कॉपी) डायरेक्टर, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.), कार्यालय कलेक्टर रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.), मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला- रायपुर (छ.ग.), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत- रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.), कार्यालय सरपंच / सचिव, ग्राम पंचायत गैतरा, तहसील- खरोरा, जिला - रायपुर, कार्यालय सरपंच / सचिव, ग्राम पंचायत सोनतरा, तहसील- खरोरा, जिला - रायपुर, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, न्यू ऑफिस बिल्डिंग, रिंग रोड़ नं.- 2, टाटीबंध, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, जिला - रायपुर (छ. ग.) में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

**केनरा बैंक Canara Bank** A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate
केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648
**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]
**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्नवर्णित दिनांक को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स पवन एग्रो** द्वारा प्रोपराइटर- श्री अरिहंत गोलचा पुत्र अवंत गोलचा ग्राम पेटेचुआ कंकालिन गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.) 491227 | संपत्ति का समस्त भू भाग फैक्ट्री भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. 324, प.ह.नं. 37, ग्राम पेटेचुवा कंकालीन, तह. गुरुर, जिला- बालोद (छ.ग.) क्षेत्रफल-69,940 वर्गफीट चर्तुसीमाएं (विलेख के अनुसार) : पूर्व-सड़क, पश्चिम-सरकारी भूमि, उत्तर-सरकारी भूमि, दक्षिण-सड़क — सांकेतिक कब्जा | 02/08/2022 / 14/10/2022 / दि. 03/05/2025 को ₹ 4,76,50,029.30/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 1,00,63,000/- / ₹ 10,06,300/- / ₹ 10,000/- |
| | संपत्ति का समस्त भू भाग कमर्शियल डायवर्टेड खुला प्लाट नं. 03, खसरा नं. 684/7, प.ह.नं. 28/14, चितौड़, आर.आई.सी. गुरुर, जिला- बालोद (छ.ग.) संपत्ति मालिक- श्री अरिहंत गोलछा पुत्र श्री अवंत गोलछा क्षेत्रफल - 10000 वर्गफीट चर्तुसीमाएं: (विलेख के अनुसार) पूर्व-आकाश गोलछा की भूमि, पश्चिम-सड़क, उत्तर-डोनर की भूमि, दक्षिण-सुनीता बोहरा की भूमि — भौतिक कब्जा | | ₹ 56,25,000/- / ₹ 5,62,500/- / ₹ 10,000/- |
| धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 25/05/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक; ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 26/05/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर) | | | |
| ऋणी- **मेसर्स ए के इंटरप्राइजेस** प्रोपः मो. परवेज आलम पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान, (1) मो. परवेज आलम पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान (2) मो. यूसुफ खान पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान सभी का पताः प.ह.नं 14, खसरा नं. 6561 (भाग), वार्ड नंबर 07, कृपाल नगर, कोखा, भिलाई, छ.ग.-490023 | संपत्ति 1- श्री मोहम्मद परवेज आलम के नाम पर आवासीय भूमि और भवन का समस्त भू भाग स्थित खसरा नंबर 6561, प.ह. नंबर 14, कृपाल नगर (भाग), वार्ड नंबर 09, कृपाल नगर, कोहका, भिलाई छ.ग.- 490023, क्षेत्रफल 2550 वर्गफीट डीड के अनुसार चर्तुसीमाएं: पूर्वः सड़क, पश्चिमः नेल्सन टोप्पो का प्लॉट, उत्तरः सड़क, दक्षिणः बी. एन. प्रसाद की संपत्ति — सांकेतिक कब्जा | 13/09/2023 / 28/11/2023 / दि. 03/05/2025 को ₹ 3,18,19,206.65/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 81,72,000/- / ₹ 8,17,200/- / ₹ 10,000/- |
| | संपत्ति 2- श्री मोहम्मद यूसुफ खान के नाम पर आवासीय भूमि और भवन का समस्त भू भाग स्थित प.ह.नं. 14, खसरा नंबर 7357/5 (भाग), वार्ड नंबर 14, फरीद नगर, मुरुम खदान रोड, भिलाई, छ.ग. क्षेत्रफल- 2508 वर्गफिट डीड के अनुसार चर्तुसीमाएं: पूर्व : अब्दुल कादिर की भूमि, पश्चिम : परवेज आलम की भूमि, उत्तर : सड़क, दक्षिण : सड़क — सांकेतिक कब्जा | | ₹ 51,70,000/- / ₹ 5,17,000/- / ₹ 10,000/- |
| धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 27/05/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक; ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 28/05/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर) | | | |

यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु केनरा बैंक की वेबसाइट में ई-नीलामी की लिंक (https://www.canarabank.com) या वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल (Ph. No 8989014648, 9140476074, 7905027805, 8073562754)
स्थान : भोपाल दिनांक : 08/05/2025 — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

